गाजियाबाद , दिल्ली एवं नोएडा से एक साथ प्रकाशित
R.N.I.NO. UPHIN/1998/202

हिन्द आत्मा

केन्द्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा विज्ञापनों हेतु स्वीकृत
दैनिक
प्रातः कालीन संस्करण
गाजियाबाद, नोएडा, ग्रेटर नोएडा, मेरठ, मोदीनगर, बागपत, हापुड, बुलन्दशहर, मुरादाबाद एवं लखनऊ में सर्वाधिक प्रसारित
● वर्षः 26 ● अंकः 20 ● गाजियाबाद, शनिवार 20 अप्रैल, 2024 ● सम्पादक-अशोक कौशिक ● मूल्य : 1 रूपया

यदुवंश का ढोल पीटने वाले चुनाव में श्रीकृष्ण का अपमान करने वालों के साथ : मोदी

अमरोहा की रैली में पीएम मोदी ने सपा और कांग्रेस पर साधा जमकर निशाना

हिन्द आत्मा संवाददाता

अमरोहा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि यूपी और बिहार में जो लोग अपने आप को यदुवंशी कहकर ढोल पीटते हैं, जो नेता यदुवंश की मलाई खाते हैं वो भगवान श्रीकृष्ण का अपमान करने वालों के साथ कैसे बैठ सकते हैं। पीएम मोदी शुक्रवार को अमरोहा में विशाल जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जब वे द्वारका में समुद्र की गहराइयों में प्राचीन द्वारका के दर्शन-पूजन कर रहे थे तब कांग्रेस के लोगों ने कहा था कि वहां पूजा-पाठ करने के लिए कुछ है ही नहीं। कांग्रेस के लोगों ने श्रीकृष्ण का अपमान किया, मगर सवाल ये उठता है कि यूपी बिहार में यदुवंश के नाम पर राजनीति करने वाले नेता ऐसे लोगों के साथ कैसे बैठ सकते हैं। उन्होंने कहा कि तुष्टिकरण के इसी खेल ने यूपी को खासकर हमारे पश्चिमी यूपी को दंगों की आग में जलाया था। यूपी के लोग गुंडाराज का वो दौर कभी भूल नहीं सकते।

दो शहजादों की फिल्म का पहले ही हो चुका है रिजेक्शन

प्रधानमंत्री ने कहा कि यूपी में एक बार फिर दो शहजादों की जोड़ी की फिल्म की शूटिंग चल रही है। मगर, इस फिल्म का पहले ही रिजेक्शन हो चुका है। हर बार ये परिवारवाद, भ्रष्टाचार और तुष्टिकरण की टोकरी उठाकर यूपी की जनता से वोट मांगने निकल पड़ते हैं। हमारी आस्था पर हमला बोलने का कोई मौका नहीं छोड़ते। यहां के टिगरी मेले में भी ये लोग रुकावट डालते थे। यहां के कांग्रेस प्रत्याशी को तो भारत माता की जय बोलने में भी आपत्ति थी। प्रधानमंत्री ने पूछा कि जिसको भारत माता की जय मंजूर नहीं ऐसे व्यक्ति को संसद में प्रवेश मिलना चाहिए क्या।

वोट बैंक के भूखे लोगों ने प्राण प्रतिष्ठा का बहिष्कार किया

पीएम मोदी ने कहा कि अयोध्या में श्रीरामलला के प्राण प्रतिष्ठा का निमंत्रण कांग्रेस और सपा ने ठुकरा दिया था। वोट बैंक के भूखे लोगों ने प्राण प्रतिष्ठा का बहिष्कार किया। उन्हें बाबरी का केस लड़ने वालों से सीखना चाहिए था। इससे भी उनका मन नहीं भरा, इसलिए ये आये दिन राममंदिर और सनातन आस्था को गाली दे रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि रामनवमी पर प्रभु श्रीराम का भव्य सूर्य तिलक हुआ। जब पूरा देश राममय है तो समाजवादी पार्टी के लोग रामभक्तों को पाखंडी कहते हैं। इंडी गठबंधन वाले सनातन से घृणा करते हैं।

योगी जी ने यूपी को अपराधियों से मुक्ति दिलाई है

प्रधानमंत्री ने कहा कि मैं गुजरात में पैदा हुआ और यूपी के चरणों में आकर बैठ गया। काशी ने मुझे सांसद बना दिया। उन्होंने कहा कि यहां आए दिन दंगे होते थे। लोगों को अपना घर छोड़कर जाना पड़ता था। यहां के कितने ही मोहल्लों में 'मकान बिकाऊ है' के पोस्टर लगाने पड़ते थे। योगी जी ने ऐसे अपराधियों से मुक्ति दिलाई है। हमें दोबारा किसी कीमत पर उन ताकतों को मजबूत नहीं होने देना है। पीएम मोदी ने कहा कि यहां सात साल से योगी जी की सरकार है। उन्होंने यूपी में दिखा दिया है कि गवर्नेंस, कानून व्यवस्था और विकास क्या होता है। योगी जी के नेतृत्व में 2014 और 2019 दोनों का रिकॉर्ड टूटेगा। यूपी इस बार नया इतिहास लिखने वाला है। उन्होंने अपील की कि 26 अप्रैल को बीजेपी प्रत्याशी कंवर सिंह तंवर को रिकॉर्ड मतों से जिताकर संसद में भेजना है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि पहले की सरकारें सामाजिक न्याय के नाम पर एससी, एसटी और ओबीसी को धोखा देती रही हैं। मगर ज्योतिबा फुले, बाबा साहब अंबेडकर और चौधरी चरण सिंह के सामाजिक न्याय का सपना पूरा करने के लिए मोदी दिन रात काम कर रहा है। इंडी गठबंधन वालों की सरकार में यूपी की पहचान पिछड़े राज्य के रूप में होती थी।

अमरोहा की एक ही थाप है, 'कमल छाप'

प्रधानमंत्री ने कहा अमरोहा कोई साधारण जगह नहीं है। ये धरती भगवान श्रीकृष्ण के श्री चरणों की साक्षी रही है। अमरोहा के ढोलक की छाप दूर दूर तक गूंजती है। योगी जी के प्रयासों से ढोलक को जीआई टैग देकर पूरी दुनिया में पहचान दिलाई गई है। आज अमरोहा की एक ही थाप है, 'कमल छाप'। अमरोहा केवल ढोलक ही नहीं देश का डंका भी बजाता है। क्रिकेट वर्ल्ड कप में मोहम्मद शमी ने जो कमाल किया वो पूरी दुनिया ने देखा है। उनके शानदार प्रदर्शन को देखते हुए मोहम्मद शमी को अर्जुन अवार्ड दिया है। योगी जी की सरकार यहां के युवाओं के लिए स्टेडियम भी बनवा रहे हैं।

चौधरी चरण सिंह के सपनों को साकार कर रही मोदी सरकार : योगी आदित्यनाथ

मुख्यमंत्री योगी ने बागपत लोकसभा सीट के लिए किया चुनाव प्रचार

हिन्द आत्मा संवाददाता

गाजियाबाद। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि अन्नदाता किसानों का सम्मान और उत्थान करके प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भारत रत्न चौधरी चरण सिंह जी के सपनों को साकार कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी ने अन्नदाताओं के लिए अनेक योजनाएं प्रारंभ की, जिसका परिणाम हम सबके सामने है। चाहे पीएम किसान सम्मान निधि के जरिए अन्नदाताओं का सम्मान हो, या भारत को दुनिया में सम्मान दिलाने का कार्य, सीमाओं की सुरक्षा हो, देश में आतंकवाद और नक्सलवाद की समस्या का समाधान हो, वर्ल्ड क्लास इन्फ्रास्ट्रक्चर, 12 लेन का एक्सप्रेसवे, रैपिड रेल, मेट्रो, आईआईटी, आईआईएम सहित तमाम योजनाएं नये भारत की पहचान बन रही हैं। सीएम योगी शुक्रवार को मोदीनगर में बागपत लोकसभा सीट के लिए एनडीए प्रत्याशी डॉ राजकुमार सांगवान के समर्थन में विशाल चुनावी जनसभा की।

उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव के प्रथम चरण के लिए मतदान चल रहा है। वोटिंग की स्पीड बताती है कि देश में फिर एक बार मोदी सरकार लाने के लिए लोगों में उतावलापन दिख रहा है। ऐसा होना लाजमी है क्योंकि जो हमारे पूर्वजों को सम्मान दें उनका सम्मान होना ही चाहिए। पहली बार चौधरी साहब को मोदी जी ने भारत का सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न देकर हमारे यूपी का गौरव बढ़ाया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत 80 करोड़ लोगों को 4 साल से फ्री में राशन दे रहा है, वहीं भारत से अलग हुए पाकिस्तान में 23 करोड़ लोग भूखों मर रहे हैं। जब हम अच्छा नेता चुनते हैं तो परिणाम भी अच्छा आता है। आज 60 करोड़ लोगों को आयुष्मान भारत योजना से जोड़ा जा चुका है, 50 करोड़ जनता का जनधन अकाउंट खुल चुका है, 12 करोड़ अन्नदाताओं को किसान सम्मान निधि और 12 करोड़ घरों में शौचालय के साथ ही 10 करोड़ माताओं को उज्ज्वला योजना से लाभान्वित किया जा चुका है। मुख्यमंत्री ने रामनवमी के अवसर पर भगवान श्रीराम के सूर्य तिलक को लेकर कहा कि इसने पूरे देश को गौरवान्वित किया है। वहीं उन्होंने सपा, बसपा और कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि इन पार्टियों ने पश्चिमी यूपी में सुरक्षा के लिए खतरा खड़ा कर दिया था। न बेटी सुरक्षित थी, न व्यापारी, किसान के खेत से उसके ट्यूबवेल ही उखाड़ लिये जाते थे। हमारी सरकार ने 15 लाख निजी नलकूपों को फ्री बिजली देने का प्रावधान किया है। चौधरी साहब के सपने को साकार करने के लिए सरकार ने ये निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि पिछली सरकारें दंगा कराती थीं, आज दंगा और कर्फ्यू नहीं होते, अब तो शानदार तरीके से कांवड़ यात्राएं निकलती हैं। हमने कह दिया है कि किसी ने बेटी और व्यापारियों की सुरक्षा से खिलवाड़ किया तो अपराधी का राम नाम सत्य तय है। सीएम योगी ने कहा कि मजबूत सरकार में ही सुशासन और सुरक्षा का लाभ प्राप्त होता है।

सीएम योगी ने कहा कि अबकी बार 400 पार के लिए और मोदी सरकार के लिए बागपत में भी एनडीए के प्रत्याशी विजयी होने चाहिए। डॉ राजकुमार सांगवान जी जैसे कार्यकर्ता को जयंत चौधरी ने जनता की सेवा के लिए उतारा है, इसके लिए उन्हें धन्यवाद। एक सामान्य कार्यकर्ता जिसने चौधरी साहब के समय से उनके मूल्यों और आदर्शों पर कायम रहे, उन्हें जिताने और देश में कमल खिलाने के लिए बागपत में नल आवश्यक है। इसके लिए आपको राजकुमार सांगवान बनना पड़ेगा। एक एक वोट को नल चुनाव चिह्न के साथ जोड़ना होगा।

इस अवसर पर रालोद के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी, बीजेपी के क्षेत्रीय अध्यक्ष सत्येन्द्र सिसोदिया, भाजपा के जिलाध्यक्ष सत्यपाल प्रधान, विधायक मोदी नगर डॉ मंजू सिवाच, जिला पंचायत अध्यक्ष ममता त्यागी, रालोद के राष्ट्रीय महासचिव त्रिलोक त्यागी, लोकसभा प्रभारी डॉ अशोक नागर, सांसद मलूक नागर, उमेश राणा, सूरज पाल, भाजपा के प्रदेश मंत्री डॉ चंद्र मोहन, प्रत्याशी डॉ राजकुमार सांगवान सहित अन्य गणमान्य मौजूद रहे।

खेल और खिलाड़ियों को मिलेंगी बेहतर सुविधाएं: नमह

हिन्द आत्मा संवाददाता

गाजियाबाद। लोकसभा चुनाव को लेकर प्रचार और जनसंपर्क का दौर तेज होता जा रहा है। अब प्रत्याशियों के पास मतदाताों के पास पहुंचने के लिए कुछ ही दिन बचे हैं। ऐसे में प्रत्याशी समाज से सभी वर्गों तक पहुंचकर अपनी छाप छोड़ने का प्रयास कर रहे हैं। इसी कड़ी में समाज विकास क्रांति पार्टी के लोकसभा प्रत्याशी नमह ने कुश्ती खिलाड़ियों से मुलाकात की। उन्होंने कुश्ती खिलाड़ियों को आश्वास दिया कि अखाड़ों और कुश्ती खिलाड़ियों के उत्थान के लिए आंदोलन की तरह की काम किया जाएगा।

समाज विकास क्रांति पार्टी के लोकसभा प्रत्याशी नमह स्वयं पूर्व रेस्लर और वेट लिफ्टर हैं। उन्होंने कई मुकाबले जीते हैं और उनके पास सैकड़ों मेडल और ट्रॉफी हैं। नमह स्वयं खेलों से जुड़े रहे हैं इसलिए उनका खिलाड़ियों प्रति रुझान है। उनका अभिवादन का स्गोलन भी स्वस्थ रहो, खुश रहो है। नमह ने खिलाड़ियों से मुलाकात के दौरान कहा कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क रहता है। इसलिए खेल और खिलाड़ियों को बढ़ावा देना जरूरी है। आज हरियाणा और यूपी के खिलाड़ी देश विदेश में नाम कमा रहे हैं। देश की खेल नीति में कुछ बातें ऐसी हैं जिनके कारण कई बार अच्छी प्रतिभाएं अपने गांव या प्रदेश में ही दम तोड़ देती हैं। उन्हें नेशनल या इंटर नेशनल खेलने तक का मौका नहीं मिलता। कई बार आर्थिक परेशानी के कारण या फिर किन्ही और कारणों से खिलाड़ियों को बेहतर प्रैक्टिक का माहौल नहीं मिल पाता है। सरकारी स्तर पर खिलाड़ियों को स्टेट का नेशनल लेवर पर पहुंचने पर ही प्रैक्टिस के लिए बेहतर कोच और संसाधन मिल पाते हैं। तब तक खिलाड़ियों को अपने संसाधनों से ही प्रैक्टिस करनी होती है। नमह ने कहा कि सांसद बनने के बाद वह खिलाड़ियों के लिए आंदोलन स्तर पर काम करेंगे और लोकल स्तर पर भी खिलाड़ियों को बेहतर सुविधाएं दिलवाने का प्रयास करेंगे। इसके अलावा नमह ने दिल्ली पुलिस के यूपी के पहलवानों को लेकर की गई टिप्पणी पर भी नाराजगी जताई। दिल्ली पुलिस ने यूपी पुलिस के साथ बैठक करके कहा था कि चुनावों के दौरान यूपी के पहलवानों को दिल्ली आने से रोका जाए, इससे दिल्ली में चुनावी माहौल खराब हो रहा है। इस पर नमह का कहना है कि पहलवान एक संन्यासी जीवन जीते हैं। वह घर से दूर रहकर देश के लिए पदक जीतने के लिए घंटों पसीना बहाते हैं। ऐसे पहलवानों के बारे में कुछ भी कहने से पहले दिल्ली पुलिस के अधिकारियों को यह सुनिश्चित कर लेना चाहिए था कि जो मसल्समैन दिल्ली में पहुंच रहे हैं वह पहलवान हैं या फिर बाउंसर। क्योंकि बाउंसर अपने शरीर का प्रदर्शन करके धन अर्जित करने के लिए काम करते हैं, जबकि पहलवान धन अर्जित करने के लिए नहीं बल्कि देश का नाम रोशन करने के लिए काम करते हैं।

श्रीमहंत नारायण गिरि महाराज के पावन सानिध्य में सिद्धपीठ श्री हनुमान मंदिर चौपला में हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम से मनेगा

23 अप्रैल को मंदिर में सुबह से रात्रि तक होंगे धार्मिक आयोजन

हिन्द आत्मा संवाददाता

गाजियाबाद। श्री दूधेश्वर पीठाधीश्वर, श्रीपंच दशनाम जूना अखाडा के अंतरराष्ट्रीय प्रवक्ता, दिल्ली संत महामंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष व हिंदू यूनाइटिड फ्रंट के अध्यक्ष श्रीमहंत नारायण गिरि महाराज के पावन सानिध्य में अग्रसेन बाजार स्थित सिद्धपीठ श्री हनुमान मंदिर चौपला में 23 अप्रैल को श्री हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। महाराजश्री के पावन सानिध्य में सिद्धपीठ श्री दूधेश्वर नाथ मठ महादेव मंदिर, प्राचीन त्रिपुर बाला सुंदरी देवी मंदिर द्वारिका पुरी दिल्ली गेट व सिद्धेश्वर महादेव कुटी मकरेड़ा मुरादनगर में भी हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। श्रीमहंत नारायण गिरि ने बताया कि सिद्धपीठ श्री हनुमान मंदिर चौपला की स्थापना को इस वर्ष 100 वर्ष पूर्ण हो गए हैं। ऐसे में मंदिर में हनुमान जन्मोत्सव और भी धूमधाम से मनाया जाएगा और उसमें देश के कई शहरों के हजारों श्रद्धालु भाग लेंगे। मंदिर के पुजारी ईश्वर, अनुपम व पं. रामलाल ने बताया कि हनुमान जन्मोत्सव को यादगार बनाने के लिए महाराजश्री की अध्यक्षता में सभी तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। 23 अप्रैल को प्रातः 4 बजे से हनुमान जी को चौला चढना प्रारंभ होगा। प्रातः 8 बजे जिया बैंड दिल्ली की प्रस्तुति होगी। प्रातः 9 बजे भजन होंगे। सायं 4 बजे से देव शहनाई दिल्ली की प्रस्तुति होगी। सांय 5 बजे से महिला मंडल द्वारा बधाई गीत गाए जाएंगे। गायिका भावना शर्मा की भजन संध्या होगी। उसके बाद अमन रमन की भजन संध्या 7 बजे से शुरू होगी और रात्रि 9 बजे से श्री रामायण भवन हरि संकीर्तन सभा की ओर से भजन प्रस्तुत किए जाएंगे। फूलों द्वारा बाबा का भव्य श्रृंगार सभी के आकर्षण का केंद्र रहेगा। हनुमान जन्मोत्सव को यादगार बनाने के लिए महंत गिरिशानंद गिरि महाराज, डिप्टी मेयर राजीव शर्मा, सिद्धपीठ श्री हनुमान मंदिर, चौपला श्रृंगार समिति के सभी पदाधिकारी व भक्त सहयोग कर रहे हैं। सिद्धपीठ श्री दूधेश्वर नाथ मठ महादेव मंदिर में श्रीमहंत नारायण गिरि के पावन सानिध्य में हनुमान जी व भगवान राम की विशेष पूजा-अर्चना होगी। पूजा-अर्चना श्री दूधेश्वर वेद विद्या पीठ के आचार्य व विद्यार्थी करेंगे। हनुमान जी को चौला चढाया जाएगा। आरती-भोग के बाद प्रसाद का वितरण होगा।

प्राचीन त्रिपुर बाला सुंदरी देवी मंदिर द्वारिका पुरी दिल्ली गेट में महाराज जी की अध्यक्षता में महंत गिरिशानंद गिरि महाराज व महंत विजय गिरि महाराज द्वारा हनुमान जी की पूजा-अर्चना की जाएगी। सिद्धेश्वर महादेव कुटी मकरेड़ा मुरादनगर में महाराज जी की अध्यक्षता में स्वामी वैद्य मुकेशानंद गिरि, श्री दूधेश्वर वेद विद्यापीठ के आचार्य विकास कुमार पांडेय व नित्यानंद आचार्य हनुमान जी की पूजा-अर्चना व आरती करेंगे।

भाजपा एनडीए गठबन्धन के प्रत्याशियों की शानदार जीत पर आधारित राष्ट्र भक्तों की मोदी सरकार: सुनील शर्मा

हिन्द आत्मा संवाददाता

अबकी बार 400 पार
26 अप्रैल 2024 को
श्री अतुल गर्ग जी
को अपना बहुमूल्य वोट देकर
भारी मतों से विजयी बनायें

गाजियाबाद। खोड़ा क्षेत्र के अनिल विहार और करण विहार में क्षेत्रवासियों के बीच आयोजित जनसभा में लोकसभा प्रत्याशी अतुल गर्ग और कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ,राज्यमंत्री नरेन्द्र कश्यप, योगेश भाटी, देवेन्द्र गिरी, हरेंद्र चौधरी, डीएन सिंह, बॉबी त्यागी, सुशील गौतम आदि पहुंचे। 'जनसभा' के संयोजक के रूप में देवेन्द्र यादव, चमन चौहान ने जिम्मेदारी संभाली। खोड़ा क्षेत्र की जनसभा में अपार भीड़ जुटी। जनसभा में अबकी बार 400 पार और तीसरी बार मोदी सरकार के नारों का स्वर बार बार गुंजायमान होता रहा। सभा को संबोधित करते हुए कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने कहा की अतुल गर्ग मेरे साथ विधायक रहे हैं और आज मेरी विधानसभा में लोकसभा प्रत्याशी के रूप में आप सभी के बीच अपने समर्थन की अपील करने आए हैं। उनके साथ रहकर इनके सरल और खुशदिली के मिजाज में रहते हुए हम दोनों ने मिलकर अपने-अपने विधानसभा में विकास कार्य किया है आज मैं दावे के साथ आपके बीच में कह सकता हूं कि सांसद बनने के बाद मैं उनसे अपनी विधानसभा ही नहीं अभी तो पुरी लोकसभा क्षेत्र में कंधे से कंधा मिलाकर विकास के पहिए तो आगे बढ़ाने में पूरी भूमिका अदा करूंगा। निश्चित तौर पर खोड़ा क्षेत्र केंद्र और प्रदेश के विकास कार्य योजनाओं से उत्तर प्रदेश में अपना महत्वपूर्ण स्थान हासिल करेगा ।अपने संबोधन में स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप ने कहा मोदी और योगी के शासन में जो भी हुआ वह सब आपने देखा है हमारे साथी अतुल गर्ग को आपके द्वारा दिया गया वोट मोदी और योगी के कार्यों का रिपोर्ट कार्ड का प्रतिरूप होगा।

अतुल गर्ग ने अपने संबोधन में अपने हल्के फुल्के अंदाज में सभी क्षेत्र वासियों को संबोधित करते हुए कहा की मैं अगर खोड़ा वासियों से कहूं की आप मुझे सब वोट दे देना आपकी वोट लेने के लिए मैं इस सभा के माध्यम से आपके बीच आया हूं तो यह बात चुनावी भाषण के लहजे में होगी क्योंकि जो भी प्रत्याशी आता है वह सब अपने लिए वोट मांगता है । लेकिन मैं आप सभी के बीच यह कहने आया हूं की आपको वोट अपनी वोट की ताकत को बनाए रखने के लिए देना है आपकी वोट से ही धारा 370 हती आपकी ही वोट से 500 वर्ष से अटका राम मंदिर का भव्य निर्माण हुआ आपके ही वोट से एक भारत श्रेष्ठ भारत के मार्ग पर यह देश अग्रसर हो रहा है और अब आपके ही वोट के माध्यम से मोदी सरकार के विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने का नए अवसर मोदी सरकार को मिलना है । आप वोट तीसरी बार मोदी सरकार के लिए कमल को वोट दोगे । लोकसभा जीतेंगे तो माननीय नरेंद्र मोदी तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री बनेंगे तभी विकसित भारत का संकल्प पूरा होगा। अतुल गर्ग ने सभी के द्वारा स्वागत और आशीर्वाद मिलने के लिए हार्दिक धन्यवाद और आभार किया। उन्होंने करबद्ध अपील की कि आप सभी अपने परिवार जनों मित्रों पड़ोसियों सभी को जागृत करते हुए साथ लेकर 26 अप्रैल को अपने मतदान केंद्र पर पहुंचना है और कमल के निशान का बटन दबाना है पहले मतदान होगा और फिर जलपान होगा तभी मोदी के विकसित भारत का संकल्प पूरा होगा।

सोनार बन्धुओं से भाजपा को वोट करने की अपील की:ज्योति सोनी

हिन्द आत्मा संवाददाता

मथुरा। उत्तर प्रदेश भाजपा पिछड़ा मोर्चा के मंत्री ज्योति सोनी मथुरा लोकसभा प्रवास के दौरान विधानसभा मथुरा वृंदावन में आगरा और मथुरा से आए स्वर्णकार समाज के वरिष्ठ सम्मानित फराह के चेयरमैन शालिग्राम बटिया, छगनलाल वर्मा, जितेंद्र वर्मा, नवीन सोनी, एस के वर्मा,सौरभ वर्मा , प्रदीप सोनी ,राकेश वर्मा , पंकज वर्मा ,यस सोनी , शिवम वर्मा ,अर्जुन वर्मा समेत अन्य स्वर्णकार बन्धुओ के साथ बैठक कर देश में एक बार फिर मोदी सरकार बनाने के लिए भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में समर्थन एवं मतदान करने की अपील की ।

लोक सभा सामान्य चुनाव-2024 में 85+ और दिव्यांग व्यक्ति मतदाता द्वारा मतदान जारी

हिन्द आत्मा संवाददाता

गाजियाबाद। भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अन्तर्गत लोक सभा सामान्य चुनाव-2024 में गाजियाबाद-12 लोकसभा के जिला निर्वाचन अधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह के निर्देशानुसार पोस्टल वैलेट प्रभारी/एडीएम एल/ए के नेतृत्व में गाजियाबाद लोक सभा की विभिन्न विधान सभाओं में 1025 इलेक्शन ड्यूटी सर्टिफिकेट, 86 सर्विस वोटर और 237 को पोस्टल बैलट जारी किया गया है, जिसमें से मोदीनगर का 183 है, अब तक कुल 439 दिव्यांग और 85 वर्ष से अधिक आयु के मतदाता द्वारा अपने मताधिकार का प्रयोग किया गया है जिसमे धौलाना और मोदीनगर विधानसभा सम्मलित है।

भगवती इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड साइंस में मतदाता जागरूकता अभियान का रंगारंग आयोजन

We are excited to cast our first vote
april
2024

हिन्द आत्मा संवाददाता

गाजियाबाद। कार्यक्रम की शुरूआत संस्थान के सैक्रेटरी डॉ. हिमांशु सिंहल व निदेशक डॉ. अनिरुद्ध विश्वास व कैंपस मैनेजर डॉ गौरव शर्मा ने दीप प्रज्वलित कर करी। सभी पाठ्यक्रमों के विद्यार्थी, प्रोफेसर्स, और स्टाफ की उपस्तिथि में सभी ने मतदान प्रतिशत बढ़ाने हेतु एक साथ, मतदान करने व कराने की प्रतिज्ञा की।

मतदाता जागरूकता के लिए रश्मि, चेतना व ध्रुव ने भाषण; वासु, तनिष्क व टीम ने रंगमंच नाटक; पारुल, ओम, अमन ने नृत्य व गायन आदि प्रस्तुत किए।

दृष्टिकोण व प्रतिधि क्लब ने संयुक्त रूप से यह कार्यक्रम कराया। प्रोफेसर अनमोल कालरा ने वोट ऑफ थैंक्स के साथ कार्यक्रम का समापन किया।

गाजियाबाद (हिन्द आत्मा संवाददाता)। कौशांबी जयपुरिया एनक्लेव में भाजपा नेता एवं पूर्व पार्षद डॉ. मनोज गोयल के नेतृत्व में जनसंपर्क अभियान चलाया गया। इस अवसर पर महिला मोर्चा मंडल मंत्री पूजा मेहरा, ममता त्रिपाठी, कामिनी भदोरिया, रेनू मल्होत्रा, रश्मि जैन, चारु गोयल, एस. आर. सिंह, अजय गुप्ता, उमा मेहरा सहित क्षेत्र के अन्य निवासी उपस्थित रहे।

श्रीमहंत नारायण गिरि 23 अप्रैल को हनुमान जयंती पर अनेक कार्यक्रमों में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे

हिन्द आत्मा संवाददाता

गाजियाबाद। श्री दूधेश्वर पीठाधीश्वर, श्रीपंच दशनाम जूना अखाडा के अंतरराष्ट्रीय प्रवक्त, दिल्ली संत महामंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष व हिंदू यूनाइटिड फ्रंट के अध्यक्ष श्रीमहंत नारायण गिरि महाराज 23 अप्रैल को हनुमान जयंती पर दिल्ली व दनकौर में होने वाले अनेक आयोजनों में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लेंगे। महाराजश्री भक्तों को अपना आशीर्वाद भी प्रदान करेंगे।

नई दिल्ली में न्यू लिंक रोड स्थित विश्व प्रसिद्ध सिद्धपीठ हनुमान मंदिर जिसे श्री संकट मोचन धाम कहा जाता है और जिसमें हनुमान जी 108 फुट उंची प्रतिमा लगी है, में 23 अप्रैल को महाआरती, भजन संध्या व 56 भोग का आयोजन होगा। समारोह में महाराजश्री मुख्य अतिथि के रूप में भाग लेंगे। दिल्ली संत महामंडल के संस्थापक संरक्षक महामंडलेश्वर राघवानंद महाराज, विश्व हिंदू परिषद के अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष आलोक कुमार भी अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे। राम सेवक व प्रसिद्ध भजन गायक विपिन सागर भजन प्रस्तुत करेंगे। मंदिर के महंत ओमप्रकाश गिरि व कन्हैया गिरि के मार्गदर्शन में मंदिर में हनुमान जयंती की तैयारियां चल रही हैं। विजय घाट दिल्ली स्थित परमार्थम हनुमान मंदिर ट्रस्ट में 23 अप्रैल को हनुमान जयंती पर श्री हनुमान सहस्त्रार्चन व विशाल भंडारे में भी श्रीमहंत नारायण गिरि मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। मंदिर में शिवालय व श्री राम मंदिर के लिए भूमि पूजन 21 अप्रैल को सुंदर कांड के पाठ व यज्ञ से होगा। 22 अप्रैल को हनुमत रूद्र य़ज्ञ व सुंदर कांड होगौ 23 अप्रैल को श्री हनुमान सहस्त्रार्चन व अभिषेक, हवन, संत आशीवर्चन, महाभोग विशाल भंडारा आदि का आयोजन होगा। सभी कार्यक्रम महाराजश्री की अध्यक्षता व मंदिर के श्रीमहंत मुनेश्वर गिरि महाराज व दिल्ली संत महामंडल के संगठन मंत्री महामंडलेश्वर कंचन गिरि महाराज के मार्गदर्शन में होंगे। महामंडलेश्वर स्वामी बालकानंद गिरि महाराज, श्री श्री 1008 सैनाचार्य स्वामी अचलानंद गिरि महाराज, श्री 108 महंत रामचंद्र गिरि महाराज, महामंडलेश्वर नरसिंहानंद गिरि महाराज, गौ कथा वाचक गोपाल मणि महाराज विश्व हिंदू परिषद के अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष आलोक कुमार, कपिल त्यागी, डॉक्टर ठाकुर राजवीर सिंह आदि भी अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे।

एच.आर.आई.टी कॉलेज के वार्षिक उत्सव 'नेक्टर' की धमाकेदार शुरूआत, अल्तमस की धुन पर थिरके छात्र

हिन्द आत्मा संवाददाता

गाजियाबाद। एचआर इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (एच.आर.आई.टी) ने एक बार फिर सितारों और प्रतिभाओं को एक अनभुत प्राकृतिक शाम के रूप में उनके वार्षिक उत्सव "नेक्टर" के अद्वितीय दिवस पर ला दिया। आज मेरठ रोड स्थित संस्थान में पूर्व राज्य सभा सांसद एवम एचआरआईटी इंस्टीट्यूशन के अध्यक्ष जिन्हें सांसद रोजगार मेला और राइज इन इंडिया जैसे मेगा इवेंट्स कई बार अपने संस्थान में आयोजित किए है डॉ अनिल अग्रवाल उनके द्वारा इस इवेंट का शुभारंभ किया गया। यह आयोजन प्रतिभा, संस्कृति और शैक्षिक उत्कृष्टता का जश्न था।

इस आयोजन में डॉ अंजुल अग्रवाल,एच.आर.आई.टी संस्थान के उपाध्यक्ष एवम वैशाली अग्रवाल निदेशक डीपीएस एचआरआईटी द्वारा भी उद्घाटन किया गया। अंजुल अग्रवाल छात्र कल्याण के प्रति अपने पहल के लिए प्रसिद्ध हैं। कार्यक्रम ने उनमें से प्रतिष्ठित मेहमानों का आदरणीय स्वागत करके प्रारंभ किया, जिससे एक शानदार शाम की शुरूआत हुई। एक समर्पित समूह ने आयोजन की सफलता को सुनिश्चित किया। समूह निदेशक डॉ एन.के. शर्मा, डॉ निर्दोष अग्रवाल, एकेडमिक्स के निदेशक डॉ हरीश तलुआ, फामेर्सी के निदेशक डॉ उमेशकुमार सिंह, डॉ राम कुमार राय, डॉ नवनीत शर्मा, डॉ पूजा अरोड़ा, श्रीमती रंजना शर्मा, डॉ शबनम जैदी, श्री विनोद कुमार, डॉ अनिल त्यागी, डॉ एम.के. जैन, श्री धर्मेन्द्र, श्री सी.एन. सिन्हा, डॉ रूपांजली आचार्य, श्रीमती अलका बंसल, श्री वरुण, श्री सुधीर, श्रीमती अनिता आदि आदि ने इस कार्यक्रम की सफलता के लिए सफलतम प्रयास किया। कार्यक्रम में कई प्रशासनिक अधिकारी भी मौजूद रहे। शाम में खेल, सांस्कृतिक प्रदर्शन और साहित्यिक दिखावे के एक जीवंत विविधता के साथ भरी गई थी। श्रेष्ठ छात्रों को उनकी उत्कृष्ट शैक्षिक प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया। एच.आर.आई.टी के "नेक्टर" उत्सव में यह उत्सव 18 अप्रैल से 20 अप्रैल तक तीन दिनों तक चलेगा और यहां पर भी विविध कार्यक्रम और पुरस्कार वितरण कार्यक्रम होंगे।

'दिव्य ज्योति का दर्शन है हर मानव का मौलिक अधिकार' : साध्वी शालिनी भारती

हिन्द आत्मा संवाददाता

गाजियाबाद। दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान द्वारा गुलमोहर एन्क्लेव गाज़ियाबाद के कम्युनिटी हॉल में दिव्य भजन संध्या का आयोजन किया गया। भारतीय शास्त्रों ने मनुष्यों के लिए योग अर्थात ईश्वर से एकाकार होने के विभिन्न रूपों के विषय में बताया है, जो मनुष्यों को दिव्यता प्राप्त करने की प्रक्रिया में जन्म-मृत्यु के बंधन से मुक्त करवाने हेतु सहायता करते हैं। इनमें मुख्यतः राजयोग ध्यान केंद्रित करने की क्षमता, ज्ञानयोग- ज्ञान का मार्ग, कर्मयोग- निःस्वार्थ सेवा का मार्ग, भक्तियोग- भावनात्मक और प्रेमपूर्ण भक्ति का मार्ग आदि हैं। सभी मार्गों में से भक्तियोग आत्मसमर्पण के माध्यम से दिव्यता को प्राप्त करने का सहज मार्ग है। भक्ति संगीत हृदय की गहराइयों से प्रस्फुटित हो ईश्वर स्मरण को जागृत करता है। यह आंतरिक प्रसन्नता की सहज अभिव्यक्ति है और इसलिए भक्ति रचनाओं और विचारों द्वारा ईश्वर की भक्ति सहज है।

गुरुवार को गुलमोहर एन्क्लेव में साँय 4 बजे से दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान द्वारा ईश्वरीय भक्ति, आत्मसमर्पण और कृतज्ञता आदि भावनाओं से पूरित भजन संध्या का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में आनंददायक भजनों के साथ साध्वी दिवाकरा भारती, साध्वी शालिनी भारती एवं गुरुबहन जयंती ने विभिन्न प्रेरणादायक विचारों तथा भक्ति रचनाओं के माध्यम से दिव्यता, दिव्य ज्ञान और दिव्य गुरु आदि विषयों को सभी के समक्ष रखा।

साध्वी ने भक्तों को संबोधित करते हुए समझाया कि "ईश्वरः सर्वभूतानां हृद्देशेऽर्जुन तिष्ठति", अर्थात ईश्वर सभी प्राणियों के हृदय में निवास करता है, आवश्यकता है तो केवल उन्हें जानने की।

वो कहती हैं कि जिनके हृदय में प्रभु की भक्ति नहीं वह जीवित प्राणी भी शव के समान ही है। कोई बहुत सुंदर भी हो और ऊंचे कुल वाला भी हो, चाहे चारों दिशाओं में उसका यश फैला हो सांसारिक ज्ञान भी हो और धन की भी कमी ना हो, परंतु यदि प्रभु से प्रीति नहीं प्रभु से प्रेम नहीं तो कहते हैं कि वह एक मृतक के समान ही है।

ब्रह्मज्ञान ही वह सनातन पुरातन ज्ञान है जो एक पूर्ण सतगुरु द्वारा ही प्राप्त किया जा सकता है। इसीलिए यह कहा भी गया कि मनुष्य जन्म ही केवल मुक्ति और भक्ति का मार्ग है। परमात्मा की कृपा से जो यह मानव जन्म मिला है इसका कल्याण बिना गुरु की शरण में जाए संभव नहीं है। अतः आवश्यकता है पूर्ण गुरु की शरणागत होकर जीवन को सफल बनाने की।

अंत में कार्यक्रम का समापन मंगलमय आरती व प्रसाद वितरण के साथ किया गया जिससे सैकड़ों श्रद्धालु लाभान्वित हुए।

राष्ट्रीय सुरक्षा पार्टी के पश्चिमी दिल्ली से उम्मीदवार

आज महंगी शिक्षा व्यवस्था में मजदूर का बच्चा मजदूर ही बनने पर मजबूर है : अमित कुमार सिंह

हिन्द आत्मा संवाददाता

रामानुज सिंह
राष्ट्रीय अध्यक्ष, राष्ट्रीय सुरक्षा पार्टी

नई दिल्ली। राष्ट्रीय सुरक्षा पार्टी के पश्चिमी दिल्ली से लोकसभा 2024 के उम्मीदवार अमित कुमार सिंह जोर-शोर से प्रचार में व्यस्त है। अपने पार्टी के मिशन को लेकर वह गरीबों, मजदूरों, पिछड़े और पद दलितों से लेकर फुटपाथ और झुग्गी- झोपड़ी में रहने वाले लोगों के बीच जाकर उनकी समस्या से अवगत हो रहे है और अपने पार्टी का परिचय देते हुए राष्ट्रीय सुरक्षा पार्टी को जिताकर हाथ मजबूत करने की अपील कर रहे हैं।

इस अभियान में अमित कुमार सिंह ने स्थानीय मीडिया से बातचीत करते हुए बताया कि उनके राष्ट्रीय अध्यक्ष रामानुज सिंह ने आम जनता को बार-बार ठगे जाने से रोकने के लिए पार्टी का गठन किया है। उनकी पार्टी चाहती है कि हर बार धोखा खाने वाले व्यक्ति को न्याय मिलना चाहिए ताकि भारतीय नागरिक के रूप में उसे गर्व से जीने का अधिकार प्राप्त हो सके।

अमित कुमार सिंह के सहयोगी ने राष्ट्रीय सुरक्षा पार्टी के मूल मकसद को बताते हुए कहा, "आज हर आदमी कहता है कि देश में बदलाव आना चाहिए। हम भी मानते हैं कि बदलाव बहुत जरूरी है , लेकिन ऐसे बदलाव की जरूरत नहीं है जो देश और समाज को गर्त में डाल दे।

नगर आयुक्त ने निगम की ईटीएफ टीम को दी नई पहचान, अभियान के दौरान अब नई ड्रेस में दिखेंगे जवान

हिन्द आत्मा संवाददाता

गाजियाबाद। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक द्वारा ईटीएफ के जवानों के लिए अलग वर्दी बनवाई गई है, ताकि अभियान के दौरान उनकी पहचान अलग दिखाई दे तथा कार्य में सुविधा रहे इसका ध्यान रखते हुए प्रवर्तन दल टीम की ड्रेस को अलग किया गया है। शासन के निर्देश के क्रम में अभियान के दौरान प्रवर्तन दल अहम भूमिका निभाते हुए निगम के कार्यों में सहयोग कर रहे हैं, समय-समय पर जवानों के लिए ड्रेस तथा अन्य सुविधाएं मुहैया कराई जाती है इसी क्रम में लगभग 4 साल बाद नगर आयुक्त द्वारा उनकी पहचान को अलग करते हुए अलग वर्दी बनवाई है जिससे गाजियाबाद नगर निगम की अभियानों में भी सहयोग रहेगा।

प्रवर्तन दल प्रभारी करनल दीपक शरण द्वारा बताया गया कि, गाजियाबाद नगर निगम अंतर्गत प्रवर्तन दल की टीम में 10 लोग हैं सभी आर्मी रिटायर्ड है जिसमे उप परिवर्तन दल प्रभारी देवेंद्र सिंह तथा अन्य आठ जवान है जिसमें गजेंद्र सिंह, कृष्ण पाल सिंह, मनदीप सिंह, सुधीर कुमार, नीरज कुमार, अजय राघव, हरीश कुमार, सूरजपाल है, पूरी टीम गाजियाबाद नगर निगम द्वारा चलाए जा रहे अभियानों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेती है तथा अपने कार्य को बखूबी निभा रही है जिसको देखते हुए नगर आए तो उनके निर्देश के क्रम में सभी को अलग वर्दी दी गई है जिससे कि उनकी पहचान अलग बनी रहे तथा प्रशासनिक तथा आमजन को उसकी पहचान रहे।

गाजियाबाद नगर निगम की ईटीएफ टीम द्वारा प्लास्टिक मुक्त अभियान के दौरान प्रमुखता से कार्य किया है जिनके सहयोग से उत्तर प्रदेश में प्लास्टिक मुक्त अभियान के दौरान वसूली में तीसरा स्थान गाजियाबाद को प्राप्त हुआ है इसी प्रकार, टैक्स वसूली अभियान, अवैध अतिक्रमण हटाने का अभियान, अन्य विशेष अभियान के दौरान भी परिवर्तन दल बढ़-चढ़कर जनहित के कार्यों में सहयोग करता है जो की सराहनीय है, नगर आयुक्त के नेतृत्व में जनहित की समस्याओं के समाधान के साथ टीम को भी मजबूत करने का कार्य प्रमुखता से किया जा रहा है, नगर आयुक्त द्वारा प्रवर्तन दल को उनके किए जा रहे कार्यों के लिए शुभकामनाएं दी तथा आगे भी निगम के अभियानों में अपनी उपस्थिति मजबूती से दर्ज करने के लिए मोटिवेट भी किया।

देश की पहली 4डी एनीमेटिड मूवी में सार्थक संदेश देता अप्पू

रेटिंग 3,5 स्टार

आप आसानी से यकीन नहीं कर पाएंगे कि देश की पहली करीब नब्बे मिनट की 4 ड एनीमेटिड फिल्म को बनाने में युवा फिल्म मेकर संजय रहेजा को एक दो नही करीब पांच साल लग गए, इस बीच कोविड संकट शामिल रहा तो हैदराबाद दिल्ली मुंबई के कुशल अनुभवी एनिमेशन स्पेशलिस्ट की करीब 350 सदस्यो की टीम लगी रही और अब जब यह छोटा सा प्यारा नन्हा हाथी अप्पू आपके सामने आया है तो इन सब की मेहनत और मेकर संजय रहेजा के जुनून को सैल्यूट तो बनता ही है। इस शुक्रवार देश भर के करीब 200 से ज्यादा स्क्रीन में हिंदी और अंग्रेजी में रिलीज हुई अप्पू ऐसी साफ सुथरी एक बेहतरीन संदेश देती फिल्म अप्पू को आप अपने सोनू मीनू के साथ देखने जाएंगे तो यकीन मानिए फिल्म को पूर्ण एंजॉय करने के साथ आप सभी पर्यावरण, वन्य जीव की रक्षा का सार्थक संदेश भी लेकर हॉल से बाहर निकलेंगे।



स्टोरी प्लॉट

घने जंगल में अपने पिता और साथियों के साथ रह रहा हाथी का बच्चा अप्पू छोटा तो जरुर है लेकिन कम उम्र में ही उसने मुसीबतों का सामना करना और उन पर जीत हासिल करने की आर्ट सीख ली है सीख लिया है। कम उम्र में भी जोखिम लेना अप्पू को पसंद है। अचानक एक दिन जंगल में आई शिकारियों की टीम उसके अप्पू के पिता को पकड़ लेते हैं। अब अप्पू अपने दोस्त डोगी टाइगर के साथ अपने पापा की तलाश में निकल पकड़ता है साथ अप्पू का मकसद अपने समुदाय की रक्षा करना भी है। अप्पू को पता चलता है शिकारी गैंग उसके पापा को पकड़ कर पहाड़ के उस पार ले गए है अप्पू की यह खतरनाक तलाश जोखिम भरी है , इस तलाश में शिकारियों के गैंग के बॉस की नन्ही मिनी भी उसका साथ देती है।

ओवर ऑल

इस फिल्म को सिंपल और बच्चो और मम्मी पापा की कसोटी पर खरी उतारने के लिए फिल्म के निमार्ता संजय राहेजा ने फिल्म में दो गानों को बैकग्राउंड में रखा है जो स्टोरी का हिस्सा लगते है फिल्म का निर्देशन डायरेक्शन का जिम्मा प्रोसेनजीत गांगुली, अजय वेलू और अर्चिसमन कर ने किया है। मेकर इस फिल्म को अप्पू सीरीज की भारत की पहली 4डएनिमेटेड मूवी बता रहे है यानी अभी स्टोरी आगे बड़ेगी है रोमांचक घटनाओं से भरी कुछ ऐसी ही कहानी फिल्म अप्पू में नजर आने वाली है। यह एनिमेंटेड मूवी 19 अप्रैल को रिलीज होगी। इसे संजय, सूरज और सुरेश राहेजा ने प्रोड्यूस किया है। वहीं इसके डायरेक्शन का जिम्मा प्रोसेनजीत गांगुली, अजय वेलू और अर्चिसमन कर ने उठाया है। इस मूवी का ट्रेलर हाल ही में आउट किया गया है। इसमें एक छोटे हाथी अप्पू की एक साहस भरी कहानी को बताया गया है। फिल्म की खास बात है कि यह अप्पू सीरीज की भारत की पहली 4डएनिमेटेड मूवी है

क्यों देखे

अप्पू सीरीज की यह पहली फिल्म जंगली जानवरों और वनों के संरक्षण का अच्छा संदेश देती है। साथ ही हम सब को हमें घने जंगलों में रहने वाले जानवरों के दर्द का एहसास भी कराती है ।अप्पू हिंदी और अंग्रेजी में एकसाथ रिलीज हो।।

गाजियाबाद (हिन्द आत्मा संवाददाता)। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश करोड़ नौजवानों के नेता उपेक्षितों शोषितों पिछड़ों के उत्थान के लिए लगातार प्रयत्नशील धर्म निरपेक्षता की प्रति मूर्ति श्री अखिलेश यादव से शिष्टाचार भेंट करते हुए इंजीनियर धीरेंद्र यादव साथ में समाजवादी पार्टी महानगर अध्यक्ष वीरेंद्र यादव के पुत्र शिशिर यादव अन्य सम्मानित अतिथि गण।

सुभाषवादी भारतीय समाजवादी पार्टी सुभाष पार्टी के प्रत्याशी ने किया चुनाव कार्यालय का उद्घाटन

हिन्द आत्मा संवाददाता

गाजियाबाद। सुभाषवादी भारतीय समाजवादी पार्टी सुभाष पार्टी के गाजियाबाद लोकसभा से प्रत्याशी धीरेन्द्र सिंह भदौरिया के ज्ञानखंड-2 गाजियाबाद स्थित चुनाव कार्यालय का सुभाषवादी भारतीय समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक श्रीवास्तव ने फीता काट कर उद्घाटन किया। चुनाव कार्यालय के उद्घाटन से पार्टी के कार्यकर्ता खासे उत्साहित नजर आये। चुनाव कार्यालय का उद्घाटन करने के बाद मीडिया से बात करते हुए सुभाष पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने बताया कि इस बार गाजियाबाद की जनता लोकसभा चुनाव में चौकाने वाला फेरबदल करेगी। जनता सत्ता पर आसीन नेता की अनदेखी से दुखी है, अब तक जिले में किसी के भी सुख-दुःख में सांसद ने सुध नहीं ली है इसीलिए अब जनता अपने बीच का नेता चुनने के लिए तैयार है। शिक्षा और स्वास्थ्य व्यवस्थाओं में सुधार को लेकर हमारे प्रत्याशी संकल्प बद्ध है। वहीं गाजियाबाद से सुभाष पार्टी के प्रत्याशी धीरेन्द्र सिंह भदौरिया ने बताया कि वह जहाँ भी जा रहे हैं जनता का भरपूर आशीर्वाद उन्हें मिल रहा है। क्षेत्र की डपिंग ग्राऊंड की समस्या हो या प्रदूषण की इन सब पर वर्तमान सांसद विफल रहे हैं जिले में बच्चों की शिक्षा के लिए एक भी विश्वविद्यालय नहीं है और स्वास्थ्य व्यवस्थाएं तो बिलकुल बेहाल हैं। जनता त्रस्त है, इसीलिए जनता के मुद्दों को उठाने के लिए विकास के संकल्प के साथ वह चुनावी मैदान में हैं। इस दौरान उपस्थित जनता ने माल्यार्पण कर राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक श्रीवास्तव और धीरेन्द्र सिंह भदौरिया का स्वागत किया साथ ही साथ सुभाष पार्टी की विचारधारा से प्रभावित हो कर सभी ने धीरेन्द्र सिंह भदौरिया के साथ देने की घोषणा की। इस दौरान लकी, राजकुमार, कुशल पाल चौधरी, बल्लू, कोमल जी, आकाश, कान्ता देवी, रामकुमार शर्मा, सूरज, लक्ष्मी त्यागी समेत अनेक पार्टी के कार्यकताओं और जनता की उपस्थिति रही।

उत्तर प्रदेश में प्रवर्तन एजेन्सियों व उड़नदस्तों द्वारा अवैध शराब, नकदी आदि की जब्ती संबंधी निदेशों का किया जा रहा कड़ाई से अनुपालन

01 मार्च से 18 अप्रैल तक कुल 31250.54 लाख रुपये कीमत की शराब, ड्रग, बहुमूल्य धातुएं व नकदी जब्त की गयी

हिन्द आत्मा संवाददाता

लखनऊ। प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी, श्री नवदीप रिणवा ने बताया कि उत्तर प्रदेश में प्रवर्तन एजेन्सियों व उड़नदस्तों द्वारा अवैध शराब, नकदी आदि की जब्ती संबंधी आयोग के निदेशों का कड़ाई से अनुपालन किया जा रहा है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 16 मार्च, 2024 को लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 की निर्वाचन तिथियों की घोषणा के साथ ही प्रदेश में स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण, भयमुक्त, प्रलोभनमुक्त, समावेशी व सुरक्षित मतदान कराने के लिए पूरे प्रदेश में आदर्श आचार संहिता प्रभावी है।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि आबकारी, आयकर, पुलिस एवं नार्कोटिक्स विभाग एवं अन्य प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा 01 मार्च से 18 अप्रैल, 2024 तक कुल 31250.54 लाख रुपये कीमत की शराब, ड्रग, बहुमूल्य धातुएं व नगदी आदि जब्त किये गये। इसमें 2923.61 लाख रुपये नकद धनराशि, 4014.89 लाख रुपये कीमत की शराब, 20996.69 लाख रुपये कीमत की ड्रग, 2156.05 लाख रुपये कीमत की बहुमूल्य धातुएं एवं 1159.30 लाख रुपये कीमत की अन्य सामग्री जब्त की गयी। आबकारी, आयकर, पुलिस एवं नार्कोटिक्स विभाग एवं अन्य प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा 18 अप्रैल, 2024 को कुल 15198.48 लाख रुपये कीमत की शराब, ड्रग व नगदी आदि जब्त किया गया। इसमें 58.79 लाख रुपये नकद धनराशि, 84.91 लाख रुपये कीमत की 30279.76 लीटर शराब एवं 15054.74 लाख रुपये कीमत की 88235.19 ग्राम ड्रग व 0.05 लाख रुपये कीमत की 450 अन्य सामग्री जब्त की गयी। 18 अप्रैल, 2024 को प्रमुख जब्ती में जनपद गौतमबुद्धनगर की जेवर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में 150 करोड़ रुपये अनुमानित कीमत की 61670 ग्राम ड्रग तथा जनपद गौतमबुद्धनगर की दादरी विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में 19.30 लाख रुपये नकद एवं 6.16 लाख रुपये अनुमानित कीमत की 2347.24 लीटर शराब जब्त की गई। इसी प्रकार जनपद महाराजगंज की महाराजगंज विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में 40 लाख रुपये अनुमानित कीमत की 200 ग्राम ड्रग पकड़ी गयी।

प्रदेश में प्रथम चरण की 08 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों के लिए मतदान शांतिपूर्ण व सकुशल सम्पन्न

प्रथम चरण में सायं 5:00 बजे तक 57.54 प्रतिशत हुआ मतदान

हिन्द आत्मा संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी श्री नवदीप रिणवा ने बताया कि प्रदेश के प्रथम चरण में 08 लोक सभा निर्वाचन क्षेत्रों 1-सहारनपुर, 2-कैराना, 3-मुजफ्फरनगर, 4-बिजनौर, 5-नगीना(अ0जा0), 6-मुरादाबाद, 7-रामपुर तथा 26-पीलीभीत के लिए आज दिनांक 19 अप्रैल, 2024 को मतदान शान्तिपूर्वक सम्पन्न हुआ। मतदान प्रातः 7.00 बजे से शुरू होकर सायं 6.00 बजे समाप्त हुआ। निर्वाचन क्षेत्र 09 जनपदों, सहारनपुर, शामली, मुजफ्फरनगर, बिजनौर, मेरठ, मुरादाबाद, रामपुर, पीलीभीत तथा बरेली जनपद में अवस्थित हैं। सायं 5:00 बजे तक जनपदों से प्राप्त सूचना के आधार पर प्रदेश के 08 लोक सभा निर्वाचन क्षेत्रों में कुल 57.54 प्रतिशत मतदान हुआ है, जिसमें :-

1-सहारनपुर-63.29 प्रतिशत
2-कैराना-58.68 प्रतिशत
3-मुजफ्फरनगर-54.91 प्रतिशत
4-बिजनौर-54.68 प्रतिशत
5-नगीना(अ0जा0)-58.05 प्रतिशत
6-मुरादाबाद-57.65 प्रतिशत
7-रामपुर-52.42 प्रतिशत
26-पीलीभीत-60.23 प्रतिशत मतदान हुआ।

दिनांक : 19
सायं 6:30 बजे
वोट जैसा
OR SURE
rtal.eci.gov.in
:1950/18

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने अपने कार्यालय कक्ष के 7वें तल पर स्थित सभाकक्ष में आयोजित प्रेस कान्फ्रेंस में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मतदान की प्रक्रिया को स्वतंत्र एवं निष्पक्ष बनाये रखे जाने के उद्देश्य के लिए प्रभावी पर्यवेक्षण हेतु कुल 7582 मतदेय स्थलों पर वेबकास्टिंग की व्यवस्था की गई, जिसका पर्यवेक्षण जिला निर्वाचन अधिकारी, मुख्य निर्वाचन अधिकारी एवं भारत निर्वाचन आयोग तीनों स्तरों पर किया गया। उक्त के अतिरिक्त 1510 मतदेय स्थलों पर वीडियोग्राफी की भी व्यवस्था की गई थी। प्रथम चरण के पोस्टल बैलेट मतदान हेतु अर्ह श्रेणियों (यथा- 85 वर्ष की आयु से अधिक के मतदाता, दिव्यांग, अनिवार्य सेवायें तथा मतदान कार्मिक) में 14264 मतदाताओं द्वारा पोस्टल बैलेट कास्ट किया गया। 85 वर्ष की आयु से अधिक के मतदाता एवं दिव्यांग मतदाताओं में जिनके द्वारा पोस्टल बैलेट का विकल्प चुना गया था, उनके घर पर जाकर मतदान दल द्वारा मतदान कराया गया। प्रक्रिया को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं पारदर्शी बनाये जाने हेतु मतदान दल के साथ एक माइक्रो आब्जर्वर तथा वीडियोग्राफर की तैनाती की गई थी एवं प्रत्याशियों को सम्पूर्ण प्रक्रिया को देखने हेतु स्वयं अथवा अपने अभिकर्ता को भेजने के लिए मतदान दल का शिड्यूल उपलब्ध कराया गया था एवं इस श्रेणी के अर्ह मतदाताओं की सूची भी प्रत्याशियों को उपलब्ध कराई गई थी। इस मतदान प्रक्रिया की पूरी वीडियोग्राफी भी कराई गई है। उपरोक्त के अतिरिक्त कुल 27938 सेवा मतदाताओं को भी रिटर्निंग अधिकारी द्वारा इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से (ईटीपीबीएस) पोस्टल बैलेट का प्रेषण किया गया। 7943 कार्मिकों को ई0डी0सी0 जारी किया गया है। मतदान पर सतर्क दृष्टि रखने के लिए आयोग द्वारा 08 सामान्य प्रेक्षक, 05 पुलिस प्रेक्षक तथा 10 व्यय प्रेक्षक भी तैनात किये गये थे। उक्त के अतिरिक्त 1272 सेक्टर मजिस्ट्रेट, 150 जोनल मजिस्ट्रेट, 103 स्टैटिक मजिस्ट्रेट तथा 1861 माइक्रो ऑब्जर्वर भी तैनात किये गये थे। उपरोक्त के अतिरिक्त भारत निर्वाचन आयोग द्वारा राज्य स्तर पर एक वरिष्ठ सामान्य प्रेक्षक, 01 वरिष्ठ पुलिस प्रेक्षक तथा 01 वरिष्ठ व्यय प्रेक्षक भी तैनात किये गये थे, जिनके द्वारा क्षेत्र में रहकर सम्पूर्ण निर्वाचन प्रक्रिया का पर्यवेक्षण किया गया। आज 19 अप्रैल, 2024 को विभिन्न राजनैतिक दलों द्वारा ईमेल के माध्यम से कतिपय शिकायतें प्राप्त हुई, जिन्हें जनपद के अधिकारियों से तत्परता से निस्तारण कराते हुए राजनैतिक दलों को ईमेल के माध्यम से अवगत भी कराया गया है। चुनाव को शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने हेतु पर्याप्त मात्रा में अर्द्ध सैनिक बलों की तैनाती की गई थी। ईवीएम के स्ट्रांग रूम की सुरक्षा की जिम्मेदारी अर्द्ध सैनिक बलों को दी गई है।

चुनाव में सभी 14845 मतदेय स्थलों हेतु मतदान के लिए आवश्यक ईवीएम एवं वीवीपैट तथा अलग-अलग जनपदों में पर्याप्त मात्रा में रिजर्व ईवीएम एवं वीवीपैट की व्यवस्था की गई थी एवं मतदान के दौरान जहॉ कहीं भी शिकायत प्राप्त हुई हैं, वहॉ तत्काल प्रभावी कार्यवाही करते हुए ईवीएम एवं वीवीपैट को बदलने की कार्यवाही की गई है। जनपदों से प्राप्त सूचना के अनुसार मॉक पोल के दौरान कुल 85 बी0यू0, 184 सी0यू0 एवं 259 वीवीपैट बदले गये एवं मतदान प्रारम्भ होने के पश्चात सायं 5:00 बजे तक कुल 50 बी0यू0, 50 सी0यू0 एवं 152 वीवीपैट बदले गये। चुनाव पूरी तरीके से शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न कराया गया एवं कहीं से भी किसी प्रकार की अप्रिय घटना की कोई सूचना प्राप्त नहीं हुई।

तमिलनाडु (हिन्द आत्मा संवाददाता)। शुक्रवार को तमिलनाडु में जहां वोटिंग चल रही है वहीं संत निरंकारी चेरिटेबल फाउण्डेशन, तांबरम (चेन्नई) ने भी प्रकृति को वोट देते हुए 6 और भी नए पौधे एवरग्रीन एनक्लेव, वेंगमबक्कम में लगाए इस तरह से अब तक कुल 48 पौधे लगाए जा चुके हैं और साथ ही साथ इन सभी पौधों को लगातार गुड़ाई के साथ पानी और आर्गेनिक खाद भी दिया जा रहा है जिसके कारण सभी पौधे बहुत ही अच्छी तरह से विकसित भी हो रहे हैं।

कैमकुश कॉलेज ऑफ लॉ, संजयनगर गाज़ियाबाद में स्वीप कार्यक्रम का आयोजन

BHAGIRATH GROUP OF INSTITUTION

BHAGIRATH GROUP OF INSTITUTION
BHAGIRATH SEWA SANSTHAN

हिन्द आत्मा संवाददाता

गाजियाबाद। लोकतंत्र के सबसे बड़े पर्व मतदान दिवस हेतु मतदाता जागरूकता के उद्देश्य से जिला प्रशासन के निर्देशन में कैमकुश कॉलेज ऑफ लॉ, संजयनगर गाज़ियाबाद में स्वीप कार्यक्रम का आयोजन किया गया। युवा एवं नवीन मतदाताओ की जागरूकता हेतु आयोजित स्वीप कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि ज़िला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी सुधीर त्यागी, कॉलेज चेयरमैन अमिताभ शुक्ला, कॉलेज प्राचार्य संजीव त्यागी व स्वीप टीम के सदस्यो द्वारा दीप प्रज्वलन से किया गया। इस अवसर पर ज़िला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी सुधीर त्यागी द्वारा सभी उपस्थित लोगों का स्वागत किया गया स्वागत संबोधन के द्वारा लोकतंत्र में मतदान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए छात्रों का स्वयं मतदान करने के साथ-साथ आसपास के सभी मतदाताओं को भी 26 अप्रैल को वोट डालने के लिए प्रेरित करने का आवाह्न किया। स्वीप टीम से डॉ. देवांकुर द्वारा उपस्थित छात्रो को लोकतंत्र के अर्थ, उचित मतदान की आवश्यकता, सशक्त मतदान के लिए आवश्यक बातें, सोच समझकर मतदान करने के लाभ आदि के बारे में बताया गया। कैमकुश कॉलेज के छात्रों ने मतदान विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया। प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को पुरस्कृत किया गया। कॉलेज प्राचार्य संजीव त्यागी ने अपने संबोधन में बताया कि उचित मतदान ही सशक्त राष्ट्र के स्वप्न को साकार कर सकता है। अतः इसमें बढ़-चढ़कर प्रतिभाग करना चाहिए और अन्य मतदाताओं को भी इस हेतु प्रेरित करना चाहिए। कॉलेज चेयरमैन अमिताभ शुक्ला ने अपने संबोधन में सभी छात्रों को मतदान की आवश्यकता के बारे में बताया और उन्हें मतदान के लिए प्रेरित किया। उन्होंने विश्वास जताया कि युवा छात्र न केवल स्वयं मतदान करेंगे बल्कि अपने आसपास में सभी मतदाताओं को भी मतदान के लिए प्रेरित करेंगे। विद्यालय की इलेक्ट्रॉरल लिटरेसी ग्रुप के छात्रों ने मतदान जागरुकता के लिए प्रभावी भाषण प्रस्तुत किए। स्वीप टीम सदस्य डॉ. देवांकुर, अंशु सिंह व नीतू सिंह ने छात्रों के लिए एक क्विज का आयोजन किया जिसमें सभी बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। छात्रों ने जागरूक मतदाता विषय पर प्रभावशाली रैली भी निकाली। कार्यक्रम के अंत में ज़िला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी सुधीर त्यागी द्वारा मतदाता शपथ दिलाई गई, जिसमें सभी ने मतदान प्रक्रिया में भाग लेने की शपथ ली। पहले मतदान, फिर जलपान के संकल्प के साथ ही इस रंगारंग कार्यक्रम का समापन हुआ।

केड़ीबी पब्लिक स्कूल में भव्य अलंकरण सम्मान समारोह आयोजित

PRIMARY WING
HEAD BOY
HEAD GIRL
VICE HEAD GIRL

हिन्द आत्मा संवाददाता

गाजियाबाद। कवि नगर स्थित केड़ीबी पब्लिक स्कूल में शुक्रवार को भव्य अलंकरण समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में प्राथमिक (प्राइमरी) विभाग कक्षा तीन से पांच तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया। इसमें नवनिर्वाचित प्रतिनिधियों का स्वागत किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राथमिक विभाग के बच्चे के द्वारा गीत से किया गया। विद्यालय की प्रधानाचार्या निवेदिता राणा, उप प्रधानाचार्या नम्रता दूबे, समन्वयक अंशु बेजल, हेड़ बाय - माधव शर्मा, हेड़ गर्ल - गीतांशी त्यागी और सभी प्रतिभाशाली छात्र-छात्रओं को प्रतीक चिन्ह और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत में सभी बच्चों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। अंकरण सम्मान समारोह का उद्देशय विद्यार्थियों में अनुशासन ओर कर्तव्य निष्ठा का पालन करना और उसके प्रति समर्पित होना रहा। कार्यक्रम का आयोजन खेल-कूद विभाग के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया ।

विहिप ने चौमुंहा में श्री रामायण सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता कराकर बच्चों को पुरस्कृत किया

हिन्द आत्मा संवाददाता

मथुरा। शुक्रवार को प्रखंड चौमुंहाँ के सीएसआरवी विद्याश्रम में विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल द्वारा पिछले महीने श्री रामायण सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता कराई गई थी। जिसमें 55 बच्चो ने हिस्सा लिया। सभी बच्चों का परिणाम घोषित किया और पुरस्कार वितरण कर सम्मानित किया, जिसमें प्रथम स्थान सौरभ सिसौदिया,द्वितीय स्थान मयंक सिसौदिया,एवं तृतीय स्थान प्राची ढाकरे ने प्राप्त किए। तीनों बच्चों को ट्रॉफी, राममंदिर की तस्वीर और प्रमाण पत्र देकर प्रोत्साहित किया। बाकी सभी बच्चों को भी प्रमाण पत्र देकर प्रोत्साहित किया। इस मौके पर जिला संगठन मंत्री ने बच्चो को बताया कि हमें प्रतिदिन अपने घर पर अपने साहित्य जैसे की रामायण ,भागवत गीता ,हनुमान चालीसा इत्यादि का अध्ययन करना चाहिए। इस मौके पर जिले की कार्यकारिणी से जिलाध्यक्ष विनोद राघव ,जिला मंत्री योगेश गौतम ,जिला कोषाध्यक्ष कन्हैयालाल ,संगठन मंत्री योगेश पाठक ,जिला प्रचार प्रसार प्रमुख बी एल पाण्डेय जिला विद्यार्थी प्रमुख उमेश गौतम, चौमुंहा प्रखंड अध्यक्ष जितेंद्र गुप्ता, अकबरपुर खंड अध्यक्ष विष्णु हिंदुस्तानी, गिर्राज सिसौदिया, स्कूल प्रबंधक मानवेंद्र सिसौदिया उपस्थित रहे।

व्यय प्रेक्षकों की अध्यक्षता में द्वितीय व्यय निरीक्षण बैठक आयोजित

प्रत्याशी या प्रत्याशी प्रतिनिधि अपने व्यय रजिस्टर को रखे अप-टू-डेट : व्यय प्रेक्षक सौरभ नायक

हिन्द आत्मा संवाददाता

गाजियाबाद। गाजियाबाद। महात्मा गांधी सभागार, कलेक्ट्रेट में व्यय प्रेक्षक सौरभ नायक की अध्यक्षता में लोक सभा प्रत्याशियों के व्यय खातों का शेडो रजिस्टर से मिलान का द्वितीय व्यय निरीक्षण बैठक आयोजित की गयी। बैठक में लोकसभा प्रत्याशियों में भाजपा के प्रतिनिधि दिलीप कुमार गोयल, कांग्रेस के प्रतिनिधि अतुल शर्मा, आनंद कुमार राष्ट्रीय निर्माण पार्टी व उनके प्रतिनिधि चन्द्रमोली शर्मा, राष्ट्रीय जन कर्मठ पार्टी से प्रतिनिधि अनिल कुमार, समाज विकास पार्टी से प्रतिनिधि अंकुर त्यागी, अवधेश कुमार निर्दलीय, औरंगजेब निर्दलीय, नत्थू सिंह चौधरी

निर्दलीय, रवि कुमार पांचाल निर्दलीय अपने प्रतिनिधियों के साथ उपस्थित रहें। जबकि बसपा से नंद किशोर पुंडीर, सुभाषवादी भारतीय समाजवादी पार्टी (सुभाष पार्टी) से धीरेन्द्र सिंह भदौरिया, पूजा सक्सेना राईट टू रिकॉल पार्टी, अभिषेक पुंडीर निर्दलीय, श्रीमती कविता निर्दलीय को बैठक में उपस्थित ना होने पर व्यय प्रेक्षक ने कारण बताओं नोटिस भेजने के आदेश दिए।

बैठक के दौरान शेडो रजिस्टर से मिलान करने पर प्रत्याशियों के व्यय खाते में अन्तर पाया गया। उनके द्वारा नगद और बैंक की डिटेल अप-टू-डेट नहीं पाई गयी। वहीं कुछ प्रत्याशियों के बैंक खाते से कोई भी लेन–देन नहीं किया गया। जनता के अवलोकन हेतु प्रत्याशियों द्वारा किये गये खर्च का ब्यौरा रजिस्टर डीईओ पोर्टल डिस्ट्रीक इलैक्शन ऑफिसर गाजियाबाद के पोर्टल पर अपलोड रहेगा। प्रेक्षक ने सभी प्रत्याशियों निर्देशित करते हुए कहा कि प्रत्याशी या प्रत्याशी प्रतिनिधि का व्यय निरीक्षण बैठक में रहना अनिवार्य हैं साथ ही वह अपने सभी लेन-देन का पूर्ण विवरण रखे जिससे की उन्हें और हमें निरीक्षण के दौरान किसी भी परेशानी का सामना ना करना पड़ें। उन्होंने कहा कि आगामी तृतीय व्यय निरीक्षण 23 अप्रैल को प्रस्तावित हैं। बैठक में मुख्य रूप से एडीएम एफआर सौरभ भट्ट, सीटीओ पुष्पांजलि सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे।

लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के चतुर्थ चरण की 13 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों के लिए अब तक 12 प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र भरा

शाहजहांपुर (अ0जा0) में 01, धौरहरा में 02, उन्नाव में 02, इटावा (अ0जा0) में 01 प्रत्याशी ने नामांकन किया

हिन्द आत्मा संवाददाता

लखनऊ। प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी श्री नवदीप रिणवा ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 16 मार्च, 2024 को लोकसभा निर्वाचन की तिथियों की घोषणा के साथ ही प्रदेश में स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण, भयमुक्त, प्रलोभनमुक्त, समावेशी व सुरक्षित मतदान कराने की प्रक्रिया शुरू हो गयी है। लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के चतुर्थ चरण में 13 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों तथा 136-ददरौल विधानसभा उप निर्वाचन-2024 के लिए 18 अप्रैल को निर्वाचन की अधिसूचना जारी होने के साथ ही इन निर्वाचन क्षेत्रों में अब तक 12 प्रत्याशियों द्वारा नामांकन पत्र दाखिल किया गया। 19 अप्रैल को 06 प्रत्याशियों ने नामांकन किया।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि प्रदेश में चतुर्थ चरण की 13 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों के लिए 19 अप्रैल को जिन 06 प्रत्याशियों द्वारा नामांकन पत्र भरा गया, उसमें-

27-शाहजहांपुर (अ0जा0) लोकसभा सीट के लिए सरदार पटेल सिद्धांत पार्टी से प्रेमचन्द्र हरिजन ने नामांकन पत्र भरा।

29-धौरहरा लोकसभा सीट के लिए 02 नामांकन पत्र भरे गये, इसमें पॉलिटिकल जस्टिस पार्टी से राजेश कुमार तथा निर्दलीय प्रत्याशी में नर सिंह हैं।

33-उन्नाव लोकसभा सीट के लिए 02 नामांकन पत्र भरे गये, इसमें शिव प्रकाश सिंह तथा उमेश निर्दलीय प्रत्याशी हैं।

41-इटावा (अ0जा0) लोकसभा सीट के लिए समाजवादी पार्टी से जितेन्द्र कुमार ने नामांकन पत्र भरा।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा चुनाव के निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार प्रदेश

में लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के चतुर्थ चरण की 13 लोकसभा सीटों के लिए नामांकन भरने की अंतिम तिथि 25 अप्रैल, 2024 (बृहस्पतिवार) निर्धारित है। नामांकन पत्रों की जांच 26 अप्रैल (शुक्रवार) को की जायेगी। 29 अप्रैल, 2024 (सोमवार) को अपराह्न 03 बजे तक नाम वापसी की अंतिम तिथि निर्धारित है। इसके उपरान्त इन निर्वाचन क्षेत्रों से चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशियों की सूची अन्तिम हो जायेगी। चतुर्थ चरण का मतदान 13 मई, 2024 (सोमवार) को सम्पन्न होगा। उत्तर प्रदेश के सभी निर्वाचन क्षेत्रों की 04 जून, 2024 (मंगलवार) को मतगणना की जायेगी।

उन्होंने कहा कि नामांकन के दौरान सुरक्षा की व्यापक व्यवस्था की गयी है। सम्पूर्ण नामांकन प्रक्रिया की वीडियोग्राफी भी करायी जा रही है। सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों, उप जिला निर्वाचन अधिकारियों तथा सुरक्षा हेतु तैनात पुलिस अधिकारियों को विशेष सतर्कता बरतने के भी निर्देश दिये गये है।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 हेतु सामान्य श्रेणी के प्रत्याशी को 25,000 रुपये तथा अनु0जाति/अनु0जनजाति के प्रत्याशी को 12,500 रुपये जमानत धनराशि जमा करनी होगी। इसी प्रकार विधानसभा उप चुनाव के लिए सामान्य श्रेणी के प्रत्याशी को 10,000 रुपये तथा अनु0जाति/अनु0जनजाति के प्रत्याशी को 5000 रुपये जमानत धनराशि जमा करनी होगी। राष्ट्रीय/राज्यीय दलों के प्रत्याशियों को निर्वाचन क्षेत्र का एक निर्वाचक प्रस्तावक के रूप में तथा रजिस्ट्रीकृत अमान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों एवं निर्दलीय प्रत्याशियों को 10 प्रस्तावक की आवश्यकता होगी।

लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में प्रत्येक प्रत्याशी के लिए व्यय की अधिकतम सीमा 95 लाख रुपये तथा विधानसभा उप निर्वाचन क्षेत्र में प्रत्येक प्रत्याशी के लिए व्यय की अधिकतम सीमा 40 लाख रुपये निर्धारित है। नामांकन के समय रिटर्निंग ऑफिसर/सहायक रिटर्निंग ऑफिसर के कार्यालय के 100 मीटर की परिधि के भीतर अधिकतम 03 वाहन तथा प्रत्याशी सहित अधिकतम 05 व्यक्तियों के प्रवेश की अनुमति होगी। राजनीतिक दलों द्वारा खड़े किये गये उम्मीदवारों को फार्म-ए तथा फार्म-बी अंतिम तिथि 29 अप्रैल, 2024 (सोमवार) को अपराह्न 03 बजे तक दाखिल करना होगा।

प्रशिक्षण में अनुपस्थित रहे 138 कार्मिकों पर एफआईआर दर्ज, विभागीय व दण्डात्मक कार्रवाई के लिए दिए आदेश

अनुपस्थित कार्मिक तत्काल प्रभाव से लें प्रशिक्षणः इन्द्र विक्रम सिंह

हिन्द आत्मा संवाददाता

गाजियाबाद। लोक सभा सामान्य निर्वाचन-2024 के तहत भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के क्रम में जिला निर्वाचन अधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह के निदेर्शानुसार मुख्य विकास अधिकारी/प्रभारी कार्मिक अभिनव गोपाल के नेतृत्व में आईटीएस कॉलेज के 31 कमरों में 16 अप्रैल से 21 अप्रैल तक चल रहे निर्वाचन कर्मियों के प्रशिक्षिण के क्रम में 19 अप्रैल को लोकसभा निर्वाचन के अंतर्गत कार्मिकों का दूसरे दिन दोनों पालियों में कुल 2948 कार्मिकों का प्रशिक्षण कराया गया। प्रशिक्षण के दौरान दोनों पालियों में 30 पीठासीन अधिकारी, 19 मतदान अधिकारी प्रथम, 18 मतदान अधिकारी द्वितीय और 71 तृतीय मतदान अधिकारी सहित कुल 138 कार्मिक अनुपस्थित रहे।

प्रभारी कार्मिक अभिनव गोपाल द्वारा उक्त सभी 138 अनुपस्थित कार्मिक के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराते हुए विभागीय कार्रवाई के साथ-साथ

दण्डात्मक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गये। कहा कि उक्त कार्रवाई के साथ-साथ उन्हें प्रशिक्षण का समय देते हुए तत्काल प्रभाव से प्रशिक्षण पूरा कराया जाए। प्रथम पाली में जिला निर्वाचन अधिकारी इंद्र विक्रम सिंह आईएएस द्वारा निरीक्षण किया गया। इस दौरान जिला अधिकारी ने कार्मिकों के साथ बैठकर प्रशिक्षण का अनुश्रवण किया और यथा आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होने पोस्टल बैलेट द्वारा किये जा रहे मतदान की प्रक्रिया का भी निरीक्षण किया। जिला अधिकारी के साथ मुख्य विकास अधिकारी /जिला कार्मिक प्रभारी उपस्थित रहे। प्रशिक्षण के दौरान सभी आवश्यक सुविधाओं का ध्यान रखा गया। उक्त प्रशिक्षण अभिनव गोपाल, आईएएस मुख्य विकास अधिकारी के नेतृत्व में कार्मिक टीम द्वारा संपन्न कराया गया। उक्त प्रशिक्षण अभिनव गोपाल, आईएएस मुख्य विकास अधिकारी के नेतृत्व में कार्मिक टीम द्वारा संपन्न कराया गया। प्रशिक्षण के दौरान सभी आवश्यक सुविधाओं का ध्यान रखा गया। आईटीएस कैम्पस में बैलेट के माध्यम से मतदान कार्य भी जारी रहा, जिसका लाभ अनेक कार्मिक ने उठाया।

सम्पादकीय

नेताओं के बच्चे, फिल्मों में भी कच्चे

आइये ये कहानी शुरू करते हैं 2011 में आई एक फिल्म से, जिसका नाम था 'मिलें न मिलें हम।' इस फिल्म के हीरो थे रामविलास पासवान के बेटे चिराग पासवान और हिरोइन थी कंगना रनौत। ये फिल्म बुरी तरह पिटी और चिराग पासवान का फिल्मी कैरियर भी पिट गया। दूसरी ओर कंगना रनौत ने फिल्मों में भी अपना कैरियर बनाया और अब राजनीतिक कैरियर बनाने के लिए हिमाचल के मंडी से चुनावी मैदान में हैं। रामविलास पासवान का पुत्र होने के बावजूद चिराग फिल्मों में तो चल नहीं पाये, देखना यह होगा कि राजनीति में कितना चल पाते हैं। लेकिन चिराग इकलौते ऐसे नेतापुत्र नहीं हैं जो फिल्मों की ओर आये। साउथ में अगर फिल्मों के हीरो राजनीति की ओर आते हैं तो बॉलीवुड में नेताओं के बच्चे फिल्मों की ओर भी चले जाते हैं। इसमें रितेश देशमुख, भूमि पेडनेकर, संजय दत्त जैसे कुछ सफल नाम हैं तो ढेरों असफल लोगों की भी लिस्ट है। रितेश देशमुख के पिता विलास राव देशमुख कांग्रेस नेता थे। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री रहे, उनके दोनों भाई अमित व धीरज भी कांग्रेस के विधायक हैं। रितेश देशमुख भले ही कभी अपने कंधों पर फिल्म सुपरहिट करवाने लायक नहीं बन पाए, लेकिन तमाम मल्टीस्टारर फिल्मों में उनको लिया जाता है। उनकी अपनी एक जगह फिल्मी दुनिया में है। तमाम कॉमेडी फिल्मों में उनका रोल चर्चा में आया है। बावजूद इसके वो ए कैटगरी के स्टार नहीं बन पाए। दूसरा नाम है भूमि पेडनेकर का। उनके बारे में मशहूर किया गया कि वो एक आम लड़की थी, जो यशराज फिल्म्स में काम करती थी। 'दम लगाके हइशा' में जब एक वजनदार हीरोइन की जरूरत पड़ी तो अचानक से उनकी लॉटरी लग गई। जबकि हकीकत ये है कि वो महाराष्ट्र के पूर्व गृह एवं श्रम मंत्री सतीश पेडनेकर की बेटी हैं। भूमि की मां सुमित्रा पेडनेकर भी एनएसयूआई और यूथ कांग्रेस की नेता रह चुकी हैं। सतीश की मौत ओरल कैंसर से 2011 में हुई तो उनकी पत्नी ने तम्बाकू कम्पनियों के खिलाफ अभियान ही छेड़ दिया। भूमि की तारीफ है कि शक्ल और सेहत सामान्य होने के बावजूद उनके खाते में कुछ अच्छी हिट फिल्में हैं। फिर भी उन्हें ए ग्रेड हीरोइंस में नहीं गिना जाता है। जो दो ए ग्रेड के हीरो अगर राजनीतिक परिवारों से हिंदी फिल्म इंडस्ट्री में आए तो वो हैं संजय दत्त और अभिषेक बच्चन। लेकिन उनके पिताओं ने राजनीति से पहले फिल्मी दुनिया में ही अपनी पहचान बनाई थी। अमिताभ ने तो राजनीति में बहुत छोटी पारी खेली थी, हालांकि जया बच्चन लगातार सपा से राज्यसभा सदस्य बनी हुई हैं। संजय दत्त की मां नरगिस सरकारी कोटे से राज्यसभा गई थीं। उनके पिता भी सुनील दत्त भी सांसद रहे। हालांकि संजय दत्त बड़े स्टार साबित हुए, बीच में राजनीति में भी हाथ आजमाया लेकिन फिर लौट गए। अभिषेक बच्चन के खाते में उतनी कामयाबी नहीं आई लेकिन धूम, गुरू जैसी उनकी फिल्मों को आप भुला भी नहीं सकते। फिल्म स्टार्स से नेता बने कुछ और फिल्मी सितारों के बच्चे भी फिल्मों में आए उनमें अक्षय खन्ना और सोनाक्षी सिन्हा का नाम प्रमुख है। हालांकि ना तो ये दोनों और ना ही इन दोनों के भाई यानी राहुल खन्ना और लव सिन्हा अपने पिताओं विनोद खन्ना और शत्रुघ्न के बाल बराबर भी साबित हुए।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक अशोक कौशिक द्वारा फाल्गुन बुक्स एंड प्रिन्टर्स, ए-1/185 स्वदेशी कॉम्पलैक्स, कविनगर इंडस्ट्रीयल एरिया, गाजियाबाद- 201001 से छपवाकर 308 अंसल सुमैधा बिल्डिंग, आर.डी.सी. राजनगर गाजियाबाद से प्रकाशित।
सम्पादक : **अशोक कौशिक**
समाचार सम्पादक : **राकेश शर्मा**
कानूनी सलाहकार : राजकुमार शर्मा, प्रदीप त्यागी, विकास त्यागी
मो. : 9810149213
फोन : 0120-4113213
E-mail : hindatma@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र गाजियाबाद होगा।

अभिषेक शर्मा एवं अनुप्रिया शर्मा को शादी की वर्षगाँठ की बहुत बहुत बधाई एवं हार्दिक शुभकामनाएं।

नेताओं के बिगड़े बोल पर सख्ती से नियंत्रण जरूरी

> सुरजेवाला हो या कांग्रेस के अन्य नेता-इन सबको अपनी गलती का अहसास नहीं हुआ हो, ऐसा हो नहीं सकता। लेकिन पहले बयानबाजी कर बाद में लीपापोती करने में जुटना नेताओं का शगल होता जा रहा है। ज्यादा विवाद उठने लगे तो ऐसे तीखे एवं कड़वे बयानों के वीर एवं यौद्धा यह कहकर पल्ला झाड़ते नजर आते हैं कि उनके बयान को तोड़मरोड़ कर दिखाया गया है। कांग्रेस सहित अनेक राजनीतिक दलों के नेता ऐसे वक्तव्य देते हैं और विवाद बढ़ता देख बाद में सफाई देने से भी नहीं चूकते। आधुनिक तकनीकी एवं संचार -क्रांति के जमाने में हर व्यक्ति पत्रकार की भूमिका में हैं, सोशल मीडिया के दौर में जब हर हाथ में कैमरायुक्त मोबाइल रहने लगा है चुनावी सभाओं में कोई बयान सार्वजनिक हुए बिना रह ही नहीं सकता।

ललित गर्ग

लोकसभा चुनाव का प्रचार उग्र से उग्रतर होता जा रहा है। जैसे-जैसे चुनाव की तिथियां नजदीक आती जा रही है,

प्रचार-अभियान में नफरती सोच एवं हेट स्पीच का बाजार बहुत गर्म है। राजनीति की सोच ही दूषित एवं घृणित हो गयी है। नियंत्रण और अनुशासन के बिना राजनीतिक शुचिता एवं आदर्श राजनीतिक मूल्यों की कल्पना नहीं की जा सकती। नीतिगत नियंत्रण या अनुशासन लाने के लिए आवश्यक है सर्वोपरि राजनीतिक स्तर पर आदर्श स्थिति हो, तो नियंत्रण सभी स्तर पर स्वयं रहेगा और इसी से देश एक आदर्श लोकतंत्र को स्थापित करने में सक्षम हो सकेगा। अक्सर चुनावों के दौर में राजनीति में बिगड़े बोल एवं नफरत की राजनीति कोई नई बात नहीं है। चर्चा में बने रहने के लिए ही सही, राजनेताओं के विवादित बयान गाहे-बगाहे सामने आ ही जाते हैं, लेकिन ऐसे बयान एक ऐसा परिवेश निर्मित करते हैं जिससे राजनेताओं एवं राजनीति के लिये घृणा पनपती है। बिगड़े बोल का दोषी मानते हुए चुनाव आयोग ने कांग्रेस नेता रणदीप सिंह सुरजेवाला को 48 घंटे के लिए चुनाव प्रचार करने से रोक दिया है। मथुरा से भाजपा प्रत्याशी एवं सिने अभिनेत्री हेमा मालिनी को लेकर की गई टिप्पणी को अपमानजनक मानते हुए आयोग ने सुरजेवाला के खिलाफ यह सख्त कार्रवाई की एवं कड़ा कदम उठाया है। लेकिन क्या इस एक्शन को सचमुच सख्त कहा जाना चाहिए? क्या आपत्तिजनक बयानबाजी और खास तौर से महिला सम्मान को ठेस पहुंचाने वालों के लिए इतनी ही सजा काफी है? ये सवाल इसलिए भी कि चुनावों को हम लोकतंत्र का महोत्सव कहते आए हैं और ऐसे बयान चुनावी उत्सवप्रियता में खलल डालने वाले साबित होते हैं।

राजनीति में वाणी का संयम एवं शालीनता बहुत जरूरी है, क्योंकि शब्द आवाज नहीं करते, पर इनके घाव बहुत गहरे होते हैं और इनका असर भी दूर तक पहुंचता है और देर तक रहता है। इस बात को राजनेता भी अच्छी तरह जानते हैं इसके बावजूद जुबान से जहरीले बोल सामने आते ही रहते हैं। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे हो या राजद नेता लालूप्रसाद यादव प्रधानमंत्री को लेकर जो कुछ कहा हो भाजपा नेता ने सोनिया-राहुल को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणी करते हो, सार्वजनिक रूप से ऐसी टिप्पणियों को हेट स्पीच के दायरे से बाहर नहीं रखा जा सकता। राष्ट्रीय एकता एवं राजनीतिक ताने-बाने को ध्वस्त कर रहे जहरीले भाषणों की समस्या दिन-प्रतिदिन गंभीर होती जा रही है। विशेषतः महिला नेताओं एवं उम्मीदवारों पर की जा रही कथित विवादास्पद एवं अशालीन टिप्पणियां लोकतंत्र पर बदनुमा दाग बन रही है। इसी तरह सुरजवाला को हरियाणा की एक चुनावी सभा में हेमा मालिनी को लेकर की गई टिप्पणी के लिए दोषी ठहराया गया है।

सुरजेवाला हो या कांग्रेस के अन्य नेता-इन सबको अपनी गलती का अहसास नहीं हुआ हो, ऐसा हो नहीं सकता। लेकिन पहले बयानबाजी कर बाद में लीपापोती करने में जुटना नेताओं का शगल होता जा रहा है। ज्यादा विवाद उठने लगे तो ऐसे तीखे एवं कड़वे बयानों के वीर एवं यौद्धा यह कहकर पल्ला झाड़ते नजर आते हैं कि उनके बयान को तोड़मरोड़ कर दिखाया गया है। कांग्रेस सहित अनेक राजनीतिक दलों के नेता ऐसे वक्तव्य देते हैं और विवाद बढ़ता देख बाद में सफाई देने से भी नहीं चूकते। आधुनिक तकनीकी एवं संचार -क्रांति के जमाने में हर व्यक्ति पत्रकार की भूमिका में हैं, सोशल मीडिया के दौर में जब हर हाथ में कैमरायुक्त मोबाइल रहने लगा है चुनावी सभाओं में कोई बयान सार्वजनिक हुए बिना रह ही नहीं सकता। बात केवल सुरजेवाला की ही नहीं है, इससे पहले पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी व हिमाचल प्रदेश में मंडी से भारतीय जनता पार्टी की प्रत्याशी कंगना रनौत को लेकर ऐसी ही अपमानजनक टिप्पणियां सामने आई थीं। चुनाव आयोग के संज्ञान में यह सब भी सामने आया था लेकिन बयान देने वालों को चेतावनी पत्र देकर ही छोड़ दिया गया। सुरजेवाला को लेकर आयोग के आदेश के बारे में यह जरूर कहा जा सकता है कि लोकसभा चुनाव प्रचार के इस दौर में आयोग ने किसी नेता को प्रचार से रोकने जैसा फैसला पहली बार किया है। अड़तालीस घंटे की रोक अवधि पूरी होने के बाद सुरजेवाला फिर चुनाव प्रचार कर सकेंगे, लेकिन इस बात की गारंटी कौन देगा कि आगामी दिनों में वे अपना बर्ताव संयत रखेंगे। वे अक्सर संकीर्णता एवं राजनीति का उन्माद एवं 'हेट स्पीच' के कारण चर्चा में रहते हैं।

राजनेताओं के नफरती, अमर्यादित, उन्मादी, द्वेषमूलक और भड़काऊ भाषणों को लेकर चुनाव आयोग का सक्रिय होना नितान्त अपेक्षित है, जबकि सर्वोच्च न्यायालय ने भी समय-समय पर बिगड़े बोलो पर कड़ी टिप्पणियां की है। भाषा की मयार्दा सभी स्तर पर होनी चाहिए। कई बार आवेश में या अपनी बात कहने के चक्कर में शब्दों के चयन के स्तर पर कमी हो जाती है और इसका घातक परिणाम होता है। मुद्दों, मामलों और समस्याओं पर बात करने की बजाय जब नेता एक-दूसरे पर निजी हमले करने लगें तो यह उनकी हताशा, निराशा और कुंठा का ही परिचायक होता है। कांग्रेस पार्टी ने भाषा एवं बयानों की मयार्दा को लांघा है। दरअसल, कांग्रेस में यह रिवाज ही बन चुका है। चुनाव में वह कुछ बुनियादी समस्याओं पर बोलने की बजाय है, कोई न कोई ऐसी नफरती एवं गैरजरूरी बयानबाजी कर ही देता है जिसका परिणाम आखिरकार पार्टी को भुगतना पड़ता है। इसी कारण पार्टी लगातार जनआधार खो रही है, रसातल में धंसती जा रही है और सुरजेवाला जैसे नेताओं को सजा भी मिलती है।

पार्टी कोई सी भी हो, चुनावी सभाओं में नेता अपने विरोधियों के खिलाफ जहर उगलने से नहीं चूकते। नेता चाहे सत्ता पक्ष से जुड़े हों या प्रतिपक्ष से, अक्सर भाषणों में हदें पार कर देते हैं। सुप्रीम कोर्ट के समय-समय पर दिए गए निदेर्शों की भी इन्हें परवाह नहीं। सुप्रीम कोर्ट ने पिछले दिनों ही चुनाव आयोग को मजबूत करने के प्रयास करते हुए उसे अपनी ताकत का अहसास भी कराया है। कोर्ट ने यहां तक कहा कि कुछ गलत होने पर उसे प्रधानमंत्री के खिलाफ कार्रवाई करने से भी नहीं हिचकना चाहिए। चुनाव आयोग सख्ती दिखाए तो किसकी मजाल कि भरी सभाओं में जहर उगलती भाषा का इस्तेमाल कर जाए। दरअसल, इस तरह के प्रकरणों में आचार संहिता से ज्यादा नेताओं की आचरण संहिता की जरूरत रहती है। महिला हो या पुरुष, किसी के लिए भी अभद्र भाषा का इस्तेमाल कतई नहीं होना चाहिए। होना तो यह चाहिए कि राजनीतिक दल आगे आकर पहल करें। आयोग से पहले खुद अपने ऐसे नेताओं पर सख्ती करे, जिनके विवादास्पद बयान चुनावी माहौल में जहर घोलने का काम करते हैं एवं नारी अस्मिता एवं अस्तित्व पर आघात करते हैं।

लोकतंत्र का महापर्व चुनाव राजनीतिक दलों एवं नेताओं के भविष्य को निर्धारित करने का दुर्लभ अवसर है। ऐसे में सोचने की बात तो यह है कि राजनीतिक भावनाओं एवं नफरती सोच को प्रश्रय देने वाले राजनीतिक दल भी खतरे से खाली नहीं हैं। उनका भविष्य कालिमापूर्ण है। उनकी नफरती कोशिशों पर दुनिया की नजरे टिकी हैं। वे क्या बोलते हैं, क्या सोचते हैं, इसी से भारतीय लोकतंत्र की गरिमा दुनिया में बढ़ सकती है।

जरूरत है कि हमारे राजनीति दल अपनी सोच को परिपक्व बनाये, मतभेदों को स्वीकारते हुए मनभेद को न पनपने दे। आखिर नेताओं को नफरत का बाजार सजाने की छूट क्यों हो? इस समस्या से निपटने के लिए ह्यहेट स्पीचह्न को अलग अपराध की श्रेणी में रखने के लिए कानून में संशोधन का भी वक्त आ गया है? मगर इस दौर की राजनीति का स्वरूप कुछ ऐसा बनता गया है कि दूसरे दलों एवं उनके नेताओं के खिलाफ नफरती भाषण देकर अपना जनाधार बढ़ाने का प्रयास किया जाने लगा है। निश्चित ही यह विकृत एवं घृणित सोच वोट की राजनीति का हिस्सा बनती जा रही है। इस प्रवृत्ति पर अविलंब अंकुश लगाने की आवश्यकता है ताकि इस समस्या को नासूर बनने से पहले ही इस पर प्रभावी तरीके से नियंत्रण पाया जा सके। आजादी के अमृत-काल में राजनीतिक दलों में नफरत एवं उन्माद की आंधी को नियंत्रित करने के लिये विभिन्न राजनीतिक दलों में विनाशकारी बोलों की बजाय निमार्णात्मक बोलों का प्रचलन बढे।

हेमामालिनी और अरूण गोविल सहित कई दिग्गजों की प्रतिष्ठा दांव पर

अजय कुमार, लखनऊ

उत्तर प्रदेश में प्रथम चरण का मतदान होने के बाद ही तमाम दलों के नेताओं ने दूसरे चरण के लिये अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। प्रथम चरण के मतदान को सभी दल अपने-अपने पक्ष में बात रहे हैं,लेकिन हकीकत 04 जून को ही सामने आयेगी। आज अमरोहा में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बड़ी रैली की। अपने आप को अमरोहा से कनेक्ट करने के लिये वह तेज गेंजबाज शमी की तरीफ करने से भी नहीं चूकें। शमी अमरोहा के ही रहने वाले हैं। लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में अमरोहा, मेरठ, बागपत, गााजियाबााद, गौतमबुद्धनगर, बुलंदशहर, अलीगढ़ व मथुरा आठ सीटों पर चुनाव होंगे।दूसरे चरण में फिल्म अभिनेत्री और सांसद हेमामालिनी,रामायण सीरियल में प्रभु श्री राम की भूमिका निभाने वाले अरूण गोविल,दानिश अली इन सीटों पर 91 प्रत्याशी चुनावी मैदान में उतरे हैं। सभी सीटों पर मुकाबला त्रिकोणीय देखने को मिल सकता है, क्योंकि बसपा ने अकेले दम पर चुनाव लड़ने का एलान चुनाव में रोमांच ला दिया है। वहीं जानकारों की माने तो वोटों का बंटवारा होने से बीजेपी को इसका सीधा फायदा मिल सकता है। इन सीटों पर 91 प्रत्याशी

चुनावी मैदान में उतरे हैं। इनमें से 42 यानी 46 प्रतिशत प्रत्याशी करोड़ पति है। वहीं 18 प्रत्याशियों पर गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं।

इस चरण में मेरठ सीट सबसे हॉट सीट बन चुकी है। मेरठ में बीजेपी ने अपने मौजूदा सांसद राजेन्द्र अग्रवाल का टिकट काट कर धारावाहिक रामायण में प्रभु श्री राम का रोल करने वाले अरुण गोविल को उम्मीदवार बनाया है। उधर, समाजवादी पार्टी ने मेरठ सीट पर दो बार अपना प्रत्याशी बदला है। पहले भानु प्रताप सिंह को टिकट दिया। बाद में भानु का टिकट काट कर सपा विधायक अतुल प्रधान को टिकट थमा दिया था, लेकिन अतुल के नामांकन करने के बाद ही उनका टिकट काटकर पूर्व विधायक योगेश वर्मा की पत्नी सुनीता वर्मा को उम्मीदवार घोषित कर दिया। बसपा ने देववृत त्यागी को कैंडिडेट बनाया है। सपा को इस सीट पर अंदरूनी कलह भारी पड़ सकती है। मुकाबला कांटे का होने की संभावना है। मथुरा सीट पर बीजेपी ने फिर से हेमा मालिनी पर भरोसा जताया है। हेमा मालिनी मुकाबला कांग्रेस के मुकेश धनगर और बसपा के सुरेश सिंह से होने जा रहा है। सपा के साथ आने से कांग्रेस इस सीट पर बीजेपी उम्मीदवार को कड़ी टक्कर दे सकती है। हालांकि एकला चलो की राह पर चली बसपा को किसी भी सीट पर हल्के में लेने वाला नहीं है। बसपा अपने चुनावी नतीजों से सबको आश्चर्यचकित कर सकती है।

वहीं अलीगढ़ सीट पर बीजेपी ने दोबारा सतीश कुमार गौतम को उम्मीदवार बनाया दिया है। सपा ने चौधरी बिजेंद्र सिंह और बसपा ने हितेंद्र कुमार बंटी को प्रत्याशी घोषित किया है। इसके अलावा बुलंदशहर सीट पर बीजेपी के डॉ. भोला सिंह का मुकाबला कांग्रेस के शिवराम वाल्मीकि और बसपा के गिरीश चंद से होने की उम्मीद है। इन दोनों ही सीट पर त्रिकोणीय मुकाबला देखने को मिल सकता है।

गौतमबुद्धनगर सीट पर भी सपा के टिकट बदलने से ये सीट हॉट सीट बन चुकी है। सपा ने इस सीट डॉ. महेंद्र सिंह नागर को उम्मीदवार बनाया है, लेकिन डॉ. महेंद्र का सपा ने टिकट काटकर राहुल अवाना को टिकट थमा दिया था। बाद में फिर डॉ. महेंद्र सिंह नागर पर भरोसा जताया है। उधर बीजेपी ने डॉ. महेश शर्मा को फिर से प्रत्याशी घोषित किया है, जबकि बसपा ने राजेंद्र सिंह सोलंकी को मैदान में उतारा है। इस सीट पर त्रिकोणीय मुकाबला देखने को मिल सकता है। 2019 में इस सीट पर बीजेपी ने जीत दर्ज की थी। अन्य दलों की तुलना में बीजेपी का पलड़ा भारी है। गठबंधन होने से कांटे की टक्कर मिल सकती है।

ऐसे ही अमरोहा सीट पर भी कड़ी टक्कर देखने को मिल सकती है, क्योंकि कांग्रेस ने मौजूदा सांसद कुंवर दानिश अली को उम्मीदवार बनाया है। दानिश 2019 में बसपा के टिकट पर चुनाव जीते थे। हाल ही में कुंवर दानिश कांग्रेस में शामिल हो गए थे। इस सीट पर बीजेपी कंवर सिंह तंवर को उम्मीदवार बनाया है, जबकि बसपा ने एक बार फिर अमरोहा सीट पर मुस्लिम कार्ड खेला है। बसपा ने मजाहिद हुसैन को कैंडिडेट घोषित किया है। बसपा के मुस्लिम उम्मीदवार उतारने से इंडिया गठबंधन को नुकसान हो सकता है जबकि बीजेपी को इससे फायदा होने के आसार है। बीजेपी 2019 में अमरोहा सीट पर चुनाव हार गई थी इसलिए बीजेपी के लिए इस सीट से चुनाव जीतना चुनौती भरा होने वाला है।

दूसरे चरण के चुनावी मैदान में उतरे कांग्रेस के चार में से तीन प्रत्याशियों के अलावा बसपा, भाजपा, सपा, जय हिन्द नेशनल पार्टी और समाज विकास क्रांति पार्टी के सभी प्रत्याशी करोड़पति हैं। उप्र इलेक्शन वॉच के अनुसार मथुरा से भाजपा प्रत्याशी हेमा मालिनी हैं सबसे अमीर प्रत्याशी हैं। इनकी संपत्ति लगभग 278 करोड़ है। वहीं दूसरे नंबर पर अलीगढ़ से भाजपा प्रत्याशी सतीश कुमार गौतम की संपत्ति 16 करोड़ और तीसरे नंबर पर मेरठ से बसपा प्रत्याशी देवव्रत त्यागी की संपत्ति पांच करोड़ के आसपास हैं। नौ महिला प्रत्याशी भी दूसरे चरण के चुनावी मैदान में उतरी हैं। प्रत्याशियों की शिक्षा की बात की जाये तो 91 प्रत्याशियों में से 33 प्रत्याशी 12 वीं पास भी नहीं हैं। यानी 36 प्रतिशत प्रत्याशी बारहवीं पास भी नहीं है। इन्होंने अपनी शैक्षिक योग्यता पांचवीं से 12 वीं के बीच घोषित की है। वहीं 52 प्रत्याशी स्नातक और इससे ज्यादा पढे हैं। जबकि दो डिप्लोमा, दो साक्षर और दो अनपढ़ हैं।

नवप्रवर्तन राष्ट्र की आर्थिक समृद्धि के दिशा प्रवर्त्तक

नवप्रवर्तन राष्ट्र की आर्थिक समृद्धि के दिशा प्रवर्त्तक होते हैं। किसी भी देश में समस्त प्रयासों की रचनात्मक भूमिका होनी चाहिए उसी के फल स्वरुप राष्ट्र का आर्थिक तंत्र मजबूत तथा शक्तिशाली होता है।

जीवन है चलने का नाम,गति का नाम ही जीवन है। सभी समाज एवं राष्ट्र की संस्कृतियों ने यह माना है कि मनुष्य और जानवरों के बीच विभेद करने वाला प्रमुख कारक मस्तिष्क है, और मस्तिष्क ही मनुष्य को सृजनात्मक शक्ति प्रदान करता है। मनुष्य के रचनात्मक विचार नयापन लाते हैं उसे पूर्व काल से पृथक करते हुए प्रगति के पथ प्रदर्शक बनते हैं। इसे ही नवप्रवर्तन माना जाता है। नवप्रवर्तन और कुछ नहीं बल्कि समाज की परंपरागत और प्रगतिशील मानसिकता के बीच एक बड़ी लाइन खींचना है। इसीलिए यह माना जाता है कि नवप्रवर्तन समाज मैं 3% नवाचार का निर्धारित है, शेष 97 प्रतिशत परंपरावादी विचारों के लिए है। पुराने समय से ही आर्थिक समृद्धि में नवप्रवर्तन की भूमिका को स्वीकार किया गया है चाहे वह मनुष्य के खाद्य संग्राहक से खाद्य उत्पादक में परिवर्तन हो या फिर 18वीं सदी में यूरोप की वाणिज्य क्रांति का औद्योगिक क्रांति में बदलना इन सभी में नवप्रवर्तन ने प्रेरक का काम किया है।

हम चौथी क्रांति की तरफ बढ़ रहे हैं, इसलिए कहा जाता है कि विचारों

को कभी सुसुप्त होने या मरने ना दिया जाए। हो सकता है आपके विचार करोड़ों डॉलर के हो। वर्तमान अर्थव्यवस्था में समृद्धि के इंजन माने जाने वाले सनराइज उद्योग, सॉफ्टवेयर, खाद्य संस्करण, इलेक्ट्रॉनिक्स, रोबोटिक के विकास के पीछे भी नवप्रवर्तन का हाथ है। इसी के आधार पर नगरों को स्मार्ट नगरों में बदला जा रहा है। नवप्रवर्तन या नवाचार से मैं सिर्फ मानव जीवन की परेशानियों को न्यूनतम किया है, बल्कि मानव जीवन को आसान और सुखमय भी बनाया जा रहा है। नवप्रवर्तन और मस्तिष्क की खोज के कारण ही जापान में 6.5 रेक्टर का भूकंप सामान्य माना जाता है,जबकि भारत में यह तबाही ला सकता है। स्वास्थ्य के क्षेत्र में पेनिसिलिन जैसी प्रतिजैविक (एंटीबायोटिक) के अविष्कार ने रोगों की संभावना को कम कर दिया एवं स्वास्थ्य प्रणाली के भावी विकास को एक गति प्रदान की है। जेनेरिक औषधि, रोबोटिक सर्जरी, जीन एडिटिंग जैसी प्रक्रिया स्वास्थ्य सुधार हेतु एक मजबूत आधार मानी जाती है। सामाजिक विकास आर्थिक समन्वयक और न्याय प्रणाली में पारदर्शिता लाने का प्रयास नवप्रवर्तन के योगदान से ही आया है। सोशल मीडिया जैसे नवीन प्लेटफार्म ने व्यक्ति की अभिव्यक्ति के अधिकार को स्वतंत्र किया है। भारतीय अर्थव्यवस्था के ग्रामीण से आधुनिक रूपांतरण में कृषी क्षेत्र से भारी उद्योगों पर बल देने में किसानों के देश को सॉफ्टवेयर उद्योग का सिरमौर बनाने में नवप्रवर्तन का बहुत महत्वपूर्ण योगदान रहा है। भारतीय कृषि में भी आधुनिकीकरण और पाश्चात्य उपकरण का प्रादुर्भाव भी नवीन नवाचार के कारण संभव हुआ है। भारतीय राज्य को लोक कल्याणकारी राज्य से लोगों के सशक्तिकरण करने वाले राज्य में बदलने की नवप्रवर्तन की भूमिका अत्यंत सराहनीय है। इसके कारण भार मानी जाने वाली महिलाएं अब भार ढोने वाली की भूमिका में आ चुकी हैं। इसी तरह न्यायिक क्षेत्र में जनहित याचिका की अवधारणा ने न्याय की अवधारणा को सर्वांगीण बनाने में सहायता प्रदान की है। यह अलग बात है कि केवल नवप्रवर्तन को ही एकमात्र निर्धारक कारक के रूप में नहीं माना जा सकता क्योंकि नवीन विचारों को स्वीकार करना और आगे बढ़ना बहुत हद तक समाज पर निर्भर करता है। पश्चिमी देशों में नवीन विचारों को जगह देने के कारण वहां पुनर्जागरण आया है। हमें समाज को नव परिवर्तन की तरफ जागरूक करने की आवश्यकता होगी और नवप्रवर्तन में ज्यादा से ज्यादा आर्थिक मदद देकर उस और और ज्यादा विचार-विमर्श कर नीति बनाने की आवश्यकता होगी। इस तरह हमें महात्मा बुद्ध के कथन अनुसार अपने या दूसरों के विचारों नवप्रवर्तनों को तर्क बुद्धि पर देखे जाने की जरूरत है, और फिर आगे बढ़ने का प्रयास किया जाना चाहिए।

संजीव ठाकुर,(विश्व रिकार्ड धारक लेखक) चिंतक, स्तंभकार, रायपुर छत्तीसगढ़, 9009 415 415,

योग कक्षा के स्थापना एवं लता भाटिया के स्मृति दिवस पर योग शिविर का हुआ आयोजन

गाजियाबाद। अखिल भारतीय ध्यान योग संस्थान जानकी वाटिका कक्षा के स्थापना दिवस एवं लता भाटिया के स्मृति दिवस के उपलक्ष्य मे योग शिविर का आयोजन सन्त निवास,नेहरू नगर मे एवं ऑनलाइन गूगल मीट पर किया गया।

योग शिविर का शुभारम्भ ओ३म की ध्वनि और गायत्री मंत्र से योगी प्रवीण आर्य द्वारा किया गया तत्पश्चात साधकों द्वारा स्व लता भाटिया के चित्र के सम्मुख पुष्पांजलि अर्पित की गई। योगी प्रवीण आर्य ने हाथों,पैरों के सूक्ष्म व्यायाम,तितली आसन का अभ्यास कराया तथा इसके लाभों की चर्चा की।

योग शिक्षक राम प्रकाश गुप्ता ने सूर्य नमस्कार का अभ्यास चक्रों पर ध्यान कराते हुए कराया व इसके लाभों की चर्चा की,पश्चात शवासन में विश्राम कराया।

वरिष्ठ योग शिक्षिका वीना वोहरा ने दीर्घश्वसन प्राणायाम, विरेचन क्रिया,आर्ट ऑफ लिविंग भस्त्रीका का अभ्यास कराने के पश्चात पद्मासन में बैठाकर कपालभांति प्राणायाम चक्रों का ध्यान करते हुए बीज मंत्रों के साथ कराया और कहा इससे कण कण में ऊर्जा का संचार होता है,ब्रेन के सेल्स प्रभावित होते हैं। फिर बाह्य एवं आंतरिक कुम्भक लगवाया। उन्होंने कहा कि हमने स्व.लता भाटिया से जीवन में बहुत कुछ सीखा है यह हमारे प्रेरणा स्रोत रही हैं। लता भाटिया का प्रिय भजन 'राम नाम के हीरे मोती मैं बिखराऊं गली गली' सुनाकर श्रोताओं को भाव विभोर कर दिया।वे 1992 से योग से जुड़ी हैं और इस कक्षा की शुरूआत 2014 में की थी।

योग शिक्षिका विभा भारद्वाज ने भी भावांजली रूप में लता भाटिया को श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

योगाचार्य नेतराम ने स्व. लता भाटिया की योग क्षेत्र में योगदान की चर्चा करते हुए बताया कि मेरा उनसे 1998 में संपर्क हुआ था,उनकी सत्य वादिता,योग के प्रति लगन,बुलंद आवाज को देख नित्य प्रेरणा मिलती थी,उनके पति शांति स्वरूप भाटिया भी उनको पूर्ण सहयोग देते थे।उनके आदर्शों पर चलकर हम और भी आगे बढ़ सकते हैं।

उन्होंने बीपी जैसे असाध्य रोगों को दूर करने हेतु अनुलोम-विलोम शांतमन से कराया और कहा इससे ऊर्जा बढ़ती है,नींद ना आने की समस्या को दूर करने के लिए भ्रामरी प्राणायाम का अभ्यास कराया।

स्व लता के पति शांति स्वरूप भाटिया ऑनलाइन गूगल मीट पर जुड़े थे उन्होंने ऑनलाइन अपने विचार प्रकट करते हुए कहा की स्व लता भाटिया अपने समय में संस्थान की महिला अध्यक्षा थीं,रोटरी क्लब में भी बढ़चढ़ कर कार्य करती थीं,अपने आप में पूर्ण हंसमुख स्वभाव की थी,आज भी ऐसे लगता है जैसे मेरे साथ ही हैं।

कार्यक्रम का कुशल संचालन योगी प्रवीण आर्य ने किया।

इस अवसर पर मुख्य रूप से सर्वश्री जॉली शर्मा, उमा शर्मा, वीना गुप्ता, डा प्रमोद सक्सेना, संजय खंडेलवाल, बिमला रानी, माला सिंह, नूतन वार्ष्णेय, दर्शना महता, मीनाक्षी अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

लक्ष्मण झूला, ऋषिकेश में प्रात: 08 बजे मतदान कर 'मतदान महादान' का दिया संदेश

'मतदान महादान' 'चुनाव का पर्व देश का पर्व' सभी चुनें सही चुनें : स्वामी चिदानन्द सरस्वती

हिन्द आत्मा संवाददाता

ऋषिकेश। परमार्थ निकेतन के अध्यक्ष स्वामी चिदानन्द सरस्वती जी ने आज राष्ट्र निर्माण हेतु चुनाव महायज्ञ में अपने वोट की आहुति राष्ट्र निर्माण हेतु समर्पित की। राष्ट्र आगे बढ़े, संस्कृति व संस्कार आगे बढ़े, विकास और विरासत दोनों साथ-साथ चले, साइंस और स्पिरिचुअलिटी दोनों साथ-साथ आगे बढ़ते रहे। संस्कृति, प्रकृति और संतति सभी दिव्यता के साथ आगे बढ़ते रहे।

स्वामी जी ने कहा कि मतदान, हमारा प्रथम कर्तव्य, जिम्मेदारी और अधिकार भी है, आइये मतदान करें, सही चुनें व सभी चुनें और लोकतंत्र के महापर्व का उत्सव मनाये। राष्ट्रभक्ति सर्वोपरि है, राष्ट्रहित सर्वोपरि है और राष्ट्रधर्म सर्वोपरि है। हमारा वोट बहुमूल्य है इसलिये आइए इसका सही उपयोग करें। 'इदं राष्ट्राय इदं न मम' !!

स्वामी जी ने कहा कि अक्सर हम हर समय हक की बात करते हैं कि मेरे हक के लिये क्या? मतदान, हमारा हक भी है और जिम्मेदारी भी है। राष्ट्र निर्माण के चुनाव महायज्ञ में अपने-अपने हक की महाआहुति डाले इससे बड़ा कोई पुण्य नहीं है। हम दान पेटी में दान डालते हैं इससे जरूरी नहीं है कि संस्कार और संस्कृति बचेगी परन्तु अगर मतपेटी में राष्ट्र हित में अगर हमने मतदान किया तो निश्चित रूप से संस्कृति भी बचेगी और संतति भी बचेगी इसलिये मतदान करें क्योंकि यही समय है और सही समय है। आईये यह तो शुरूआत है और यही अवसर है इसलिये सभी चुनें और सही चुनें।

स्वामी जी ने कहा कि लोकतंत्र, भारत की आत्मा है। लोकतंत्र, भारत की जननी है और इस लोकतंत्र रूपी जननी की गोद में समानता, सद्भाव, समरसता और समावेशिता पोषित होती है। भारतीय लोकतंत्र के दर्शन में राजधर्म और प्रजाधर्म दोनों ही समाहित हैं। भारत के लोकतंत्र के इस विशाल और गहन इतिहास की नींव में चुनाव सबसे अहम भूमिका निभाता है। किस का चुनाव करें, किसे चुनें इस पर विचार करना नितांत आवश्यक है।

भारतीय नागरिकों का चुनाव सही होगा तो परिणाम भी सही प्राप्त होंगे। सरकार और नागरिक का शासक और शासित का नहीं बल्कि पिता व संतान के समान रिश्ता होता है और यह रिश्ता एक और दो दिनों का नहीं बल्कि पूरे पांच वर्षों का होता है।

सरकार चुनते हुये यह जरूर ध्यान रखें कि देश के हर कोने में रहने वाले व्यक्ति को मौलिक सुविधायें, गरिमापूर्ण जीवन प्राप्त हो तथा सभी का कल्याण सुनिश्चित हो और यह जनता की पूर्ण भागीदारी के बिना सम्भव नहीं हो सकता।

अब समय आ गया है कि सभी मिलकर एक ऐसी सरकार चुनें जो भारत की विविध सांस्कृतिक विरासत, मौलिक मूल्य, समृद्ध इतिहास और नैतिक मूल्यों का संवर्द्धन करे। जो भारत को भारत की दृष्टि से देखे और भावी पीढ़ियों के लिये इन मूल्यों को शाश्वत बनाये रखे।

लोकतंत्र ने भारतीय नागरिकों को सरकार चुनने का 'चुनाव' का अधिकार देकर एक बहुत बड़ी शक्ति प्रदान की हैं। चुनाव की शक्ति बेहतर भविष्य के स्तंभ की तरह कार्य करती हैं परन्तु सही समय पर इस शक्ति का उपयोग सभी को करना होगा और सही उम्मिदवार का चुनाव करना होगा। आपका चुनाव आपके पांच वर्ष के भविष्य का निर्धारण करेगा इसलिये आईये सभी चुनें और सही चुनें। सोच-समझ कर उसे चुने हो भारत के लिये जीता हो, जिसमें भारत की झलक दिखायी देती हो, जो हर प्राणी और हर प्रांत में भारत को देखता हो और जिसके विकास की राह गांवों से शहरों और शहरों से गांवों की ओर समान रूप से हो। चुनाव आपका और भाग्य भी आपका इसलिये चुनें उसे जो स्वयं के लिये नहीं बल्कि भारत के लिये जीता हो।

स्वामी जी ने उत्तराखंड राज्य के नागरिकों से मतदान करने का आह्वान किया।

हिन्दू समाज को ऐसे प्रतिनिधि चुनने चाहिए जो राम राज्य की पुनर्स्थापना कर सकें : आर्य रविदेव गुप्ता



गाजियाबाद। (हिन्द आत्मा संवाददाता) केन्द्रीय आर्य युवक परिषद के तत्वावधान में 'श्री राम का राजनीतिज्ञ स्वरूप' विषय पर ऑनलाइन गोष्ठी का आयोजन किया गया। यह कोरोना काल से 635 वां वेबिनार था। वैदिक प्रवक्ता आर्य रविदेव गुप्ता ने कहा कि श्री राम एक श्रेष्ठतम राजनीतिज्ञ थे। भारत में महान व्यक्तियों को दैवीय रूप में प्रदर्शित करने की परम्परा रही है जिससे उनका पुण्य स्मरण तो स्थायी हो जाता है परंतु उनके महान लौकिक कार्य ढक जाते हैं। योगेश्वर श्री कृष्ण की चपल छवि के कारण उनका कूटनीति स्वरूप तो प्रकट हो गया पर श्री राम का सरल छवि के कारण राजनीतिज्ञ स्वरूप ढक गया।श्री राम ने आजीवन आर्य व्रत में व्याप्त अराजकता,बिखरी राज सत्ता को संगठित किया।समस्त वनवासी बंधुओं को जोड़ कर सबके प्रिय बने।उन्होंने अखंड भारत की स्थापना का अद्भुत कार्य किया जिसे छात्रों को पाठ्य पुस्तक में पढ़ने की आवश्यकता है। उनके द्वारा स्थापित राज्य व्यवस्था को राम राज्य का नाम दिया गया है जिसे आज भी प्रयोग किया जाता है। आज 500 वर्ष बाद श्री राम पुनर्स्थापित हो गए हैं जो प्रसन्नता का विषय है। हिन्दू समाज को ऐसे ही प्रतिनिधि चुनने चाहिए जो राम राज्य की पुनर्स्थापना कर सकें। केन्द्रीय आर्य युवक परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल आर्य ने राष्ट्रवादी शक्तियों को विजयी बनाने की अपील की। मुख्य अतिथि शिक्षा विद् जगदीश पाहुजा व अध्यक्ष अरुण आर्य ने श्री राम के जीवन मूल्यों की चर्चा की। राष्ट्रीय मंत्री प्रवीण आर्य ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

4 बार ओरल कैंसर झेलने वाले 53 वर्षीय मरीज का मैक्स हॉस्पिटल वैशाली में किया गया सफल इलाज

हिन्द आत्मा संवाददाता

गाजियाबाद। मैक्स हॉस्पिटल वैशाली के डॉक्टरों ने एक ऐसे मरीज का सफल इलाज किया है जिसे चार बार ओरल कैंसर (मुंह का कैंसर) का सामना करना पड़ा। 53 वर्षीय इस मरीज को हर बार अलग-अलग जगह कैंसर हुआ था। ये सक्सेस स्टोरी कैंसर के खिलाफ लड़ाई में अवेयरनेस और अर्ली डिटेक्शन के अहम रोल को दर्शाती है. समय पर इलाज, स्किल्ड और व्यापक ट्रीटमेंट और मरीज की इच्छाशक्ति से मरीज की जान बचाई गई और कैंसर को हराया गया। डॉक्टरों की मदद से मरीज स्पष्ट बोलने लगे, ठीक से चबाने और निगलने लगे। मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल वैशाली में सीनियर डायरेक्टर ऑफ सर्जिकल ऑन्कोलॉजी (हेड एंड नेक) के डॉक्टर सौरभ कुमार अरोड़ा और डॉक्टर पवन गुप्ता की टीम ने ओरल कैंसर के इस केस की चुनौतियों को मैनेज करते हुए मरीज का सफल इलाज किया। मैक्स हॉस्पिटल वैशाली में सर्जिकल ऑन्कोलॉजी (हेड एंड नेक) के सीनियर डायरेक्टर डॉक्टर सौरभ अरोड़ा ने कहा, "मरीज संजीव कुमार अप्रैल 2018 में पहली बार अस्पताल आए थे

Welcome to the Press Conference on
ORAL ONCOLOGY
(Case-Ba... pproach to Ora... r)

और तब उनकी राइट बकल म्यूकोसा कार्सिनोमा की सफल सर्जरी की गई। कुछ समय राहत के बाद संजीव कुमार को बाद में चुनौतियों का सामना करना पड़ा। जनवरी 2022 में मुंह के निचले जबड़े और दाहिने तरफ के निचले हिस्से पर दो बार कैंसर हुआ। संजीव कुमार रेगुलर फॉलो अप पर आते रहे जिसकी मदद से रोग के अर्ली डिटेक्शन और समय पर इलाज किया गया जिससे मरीज के लिए अच्छे रिजल्ट आए। चार बार ओरल कैंसर होने के बावजूद संजीव कुमार की दृढ़ता, सर्जरी के बाद देखभाल और रिहैबिलिटेशन ने मरीज की रिकवरी में अहम योगदान दिया।' मैक्स हॉस्पिटल वैशाली में सर्जिकल ऑन्कोलॉजी (हेड एंड नेक) के सीनियर डायरेक्टर डॉक्टर पवन गुप्ता ने हापुड़ की 30 वर्षीय मरीज राजकुमारी के केस की जानकारी देते हुए समय पर इंटरवेंशन की अहम भूमिका को बताया है। 2021 में राजकुमारी को स्टेज-1 के ओरल कैंसर डायग्नोज हुआ था। राजकुमारी ने इसके इलाज के लिए आयुर्वेदिक दवाएं ली और बदकिस्मती से रोग बढ़ता गया और ओरल कैंसर स्टेज-4 में पहुंच गया। इसकी वजह से उनकी सर्जरी करनी पड़ी और फिर कीमोथेरेपी और रेडिएशन थेरेपी की गई। अब राजकुमारी की कंडीशन बेहतर है। डॉक्टर गुप्ता ने राजकुमारी के अनुभव से एविडेंस बेस्ड मेडिकल इंटरवेंशन की अनिवार्यता और मानक इलाज प्रोटोकॉल में देरी या परहेज के संभावित परिणामों को रेखांकित किया। जागरूकता और अर्ली डिटेक्शन का मरीज के इलाज और अच्छे रिजल्ट में अहम योगदान रहता है। मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल वैशाली में ऑपरेशंस एंड हेड के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट डॉक्टर गौरव अग्रवाल की लीडरशिप में मैक्स हॉस्पिटल रिसर्च, इनोवेशन और कम्यूनिटी इंगेजमेंट के जरिए मरीजों को एडवांस कैंसर केयर देने के लिए कमिटेड है।

वोट का प्रयोग लोकतंत्र में शस्त्र चलाना ही है

राष्ट्रहित में शत प्रतिशत मतदान करें स्थिर सरकार के लिए लोकसभा चुनाव में केवल राष्ट्रीय दल को वोट करें : संदीप त्यागी रसम

हिन्द आत्मा संवाददाता

गाजियाबाद। लोकसभा के लिए मतदान की बेला आ रही है आप और हम सभी जानते हैं कि राष्ट्रीय चुनाव से राष्ट्र को चलाने के लिए लोकसभा के सदस्य चुने जाने हैं क्योंकि चुनाव राष्ट्रीय है। इसलिए मैं संदीप त्यागी रसम सभी मतदाताओं से अपील करता हूं कि राष्ट्रीय दलों में से ही किसी भी दल को वोट करना चाहिए, दूसरा जो दल पूर्ण बहुमत लाने लायक क्षेत्र में चुनाव लड़ रहा हो उसको वोट करना चाहिए अन्यथा की स्थिति में आपके और हमारे वोट की ताकत से मिले समर्थन के बल पर खुला खरीद फरोख्त का खेल शुरू हो जाता है और देश को मिलती है एक अस्थिर सरकार वैश्विक स्तर पर आज हर तरफ अस्थिरता और युद्ध के बादल मंडरा रहे हैं। ऐसी स्थिति में राष्ट्र के चलाने वाले हाथों को बहुत मजबूत होना चाहिए। राष्ट्र के अंदर की

अस्थिरता वैश्विक परिदृश्य में हमारे भारत को बहुत पीछे धकेल सकती है। राष्ट्रभर के सभी मतदाताओं का मैं संदीप त्यागी ध्यान आकर्षण करना चाहता हूं कि जोड़-तोड़ की अस्थिर सरकार विभिन्न दलों के साथ गठबंधनों की सरकार देश के हित में किसी भी तरीके से नहीं होती है। गठबंधन के सभी घटक दल अपने-अपने हितों के लिए लड़ते हैं तनिक विचार करें 543 लोकसभा क्षेत्र में कितने दल चुनाव लड रहे हैं निश्चित रूप से एक भी नहीं तो 543 लोकसभा क्षेत्र में बहुमत के लिए 272 की संख्या चाहिए 272 से अधिक सीटों पर कौन-कौन दल लड़ रहे हैं। सही मायने में वही राष्ट्रीय दल आपके हमारे वोट को पाने के अधिकार क्षेत्र में हमारे निर्णय में शामिल होने चाहिए।

मैं संदीप त्यागी रसम सरकार से वोट को अनिवार्य राष्ट्रीय करते हुए बनाने की मांग व एक राष्ट्र एक चुनाव एक राष्ट्र एक मतदाता सूची की मांग करते हुए आपसे विनम्रता पूर्वक कहना चाहता हूं कि यही देशभक्ति है यही राष्ट्र निर्माण में सहभागिता है राष्ट्र निर्माण में सच्चे अर्थों में अपनी सहभागिता देने के लिए इस राष्ट्रीय चुनाव की बेला में किसी राष्ट्रीय दल को ही मतदान करते हुए स्थिर सरकार के लिए मजबूत राष्ट्र के लिए मतदान करें।

आपके हमारे मतदान द्वारा क्षेत्रीय दलों को किसी भी रूप में राष्ट्रीय चुनाव में ताकत नहीं दी जानी चाहिए अन्यथा की स्थिति में इतिहास गवाह है कि आपका हमारे वोट की ताकत से प्राप्त समर्थन की किस प्रकार नीलामी जैसी स्थिति होती रही है। अपने वोट की ताकत को राष्ट्र निर्माण में सही दिशा में लगाने के लिए हम सब मतदाताओं को देशभर में किसी राष्ट्रीय दल को ही वोट करना चाहिए।

फिल्म अभिनेत्री करिश्मा कपूर ने किया रघुराम ज्वैलर्स का उद्घाटन

हिन्द आत्मा संवाददाता

RAGH... A...
RAGHURAM
JEWELLERS

नई दिल्ली। राजधानी दिल्ली के पीतमपुरा मे रघुराम ज्वैलर्स के उद्घाटन मे पहुंची मशहुर फिल्म अभिनेत्री करिश्मा कपूर, रघुराम ज्वैलर्स का उद्घाटन विधिवत हवन पूजा के साथ किया गया। जहाँ कांग्रेस के पंजाब प्रभारी देवेंद्र यादव और रोहिणी जिला पुलिस के अतिरिक्त उपायुक्त आलोक कुमार पहुंचे। उसके बाद फिल्म अभिनेत्री करिश्मा कपूर ने रिबन काटकर विधिवत शुभारंभ किया। रघुराम ज्वैलर्स के ओनर राम यादव ने बताया की रघुराम ज्वैलर्स एक प्रतिष्ठित ब्रांड है जिसके पहले शोरूम का उद्घाटन भी करिश्मा कपूर कर चुकी है और आज कपिल बिहार स्थित नए शोरूम का उद्घाटन करिश्मा कपूर के हाथों किया गया है। उद्घाटन के मौके पर पहुंची फिल्म अभिनेत्री करिश्मा कपूर को देखने के लिए उनको चाहने वाले हजारों की संख्या में उपस्थित थे जो अपनी पसंदीदा हीरोइन की एक झलक पाने को बेताब थे। वहीं रघुराम ज्वेलर्स के उद्घाटन के मौके पर पहुंची करिश्मा कपूर ने भी अपने प्रशंसक को निराश नहीं किया और जमकर सेल्फी खिंचवाई। उद्घाटन के मौके पर करिश्मा कपूर ने रघुराम ज्वेलर्स की प्रशंसा करते हुए बोली कि इनके ओनर राम यादव प्रशंसा के पात्र हैं और उनके ज्वेलर्स शोरूम में गुणवत्तापूर्ण जेवरात मिलता हैं। रघुराम ज्वेलर्स ग्राहकों के लिए भरोसे का प्रतीक है।

सम्पूर्ण विश्व के गैर मुस्लिम राष्ट्रों को इजरायल के साथ खड़े होने के लिये अपने रक्त से पत्र लिखेंगे महामंडलेश्वर यति नरसिंहानंद गिरी जी महाराज

हिन्द आत्मा संवाददाता

गाजियाबाद। ईरान और इजरायल युद्ध के आरम्भ होने से शिवशक्ति धाम डासना के पीठाधीश्वर व श्रीपंचदशनाम जूना अखाड़े के महामंडलेश्वर यति नरसिंहानंद गिरी जी बहुत ही हताश और बेचैन हैं ।उनका मानना है कि इजरायल ने ईरान का कुछ भी नहीं बिगाड़ा है और ना ही ईरान की इजरायल से कोई दुश्मनी है ।ईरान एक शिया देश है और शियाओं को हर जगह अन्य मुसलमानों द्वारा बुरी तरह प्रताड़ित किया जाता है ।यहाँ तक कि पाकिस्तान, इराक, अफगानिस्तान जैसे देशों में तो बाकायदा शियाओ का सामुहिक नरसंहार किया जाता है। इजरायल ने शिया मुसलमानों पर कभी कोई अत्याचार नहीं किया है ।ऐसे में एक शिया देश का बिना किसी कारण इजरायल को समाप्त करने का संकल्प और संघर्ष केवल इस्लाम का जिहाद है और कुछ भी नहीं ।उनका यह भी मानना है कि यही इस्लाम का असली

चेहरा है ।यह दशार्ता है कि इस्लामिक शक्तियों को किसी से युद्ध करने के लिये किसी ठोस कारण की कोई आवश्यकता नहीं है ।सम्पूर्ण मानवता और विशेष रूप से भारत का इतिहास इसका साक्षी है।

आज एक वीडियो जारी करके उन्होंने इजरायल के प्रधानमंत्री नेतन्याहू से हिन्दुओ को अपनी लड़ाई में सम्मिलित करने और भारत मे इजराइली सेना के लिये भर्ती आरम्भ करने का भी आग्रह किया।

उन्होंने वीडियो में नेतन्याहू और इजरायल के अन्य नेताओं से अनुरोध किया कि वो ये समझ ले कि इस्लामिक जिहाद से उनकी लड़ाई में उन्हें हिन्दू समुदाय से मजबूत साथी कोई नहीं मिल सकता ।हिन्दू की सेना सदैव ही वफादारी का ज्वलन्त उदाहरण रही है और हिन्दू सैनिक अपने शत्रु से सदैव शेर की तरह लड़ता है।

भारत का हिन्दू आज अपने राजनैतिक और धार्मिक नेतृत्व की दिशाहीनता के कारण इसलामिक जिहाद के समक्ष कीड़े मकोड़ो की तरह मरने को अभिशप्त है ।अगर इजरायल का नेतृत्व हिन्दुओ युवाओ पर विश्वास करके उन्हें अपने साथ मिलकर इस्लामिक जिहाद को मिटाने का अवसर देता है तो इजरायल कभी भी किसी खतरे में अकेला नहीं 0

पड़ेगा और दिलेर हिन्दू युवा सदैव ही मानवता की रक्षा के महान लक्ष्य को समर्पित होकर इजरायल और यहूदियों की रक्षा करेंगे ।यह इजरायल के दीर्घ कालीन हित मे बहुत अच्छा कदम होगा।

इंडिया गठबंधन की कांग्रेस प्रत्याशी डॉली शर्मा ने उदयरामपुर-नगला धौलाना का दौरा किया

हिन्द आत्मा संवाददाता

गाजियाबाद। शुक्रवार को इंडिया गठबंधन की कांग्रेस प्रत्याशी डॉली शर्मा ने धौलाना विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत उदयरामपुर, नगला, धौलाना में बैठक की और वहां मौजूद लोगों से मत समर्थन मांगी। उन्होंने कहा कि आप लोग मुझे एक बार जनसेवा का मौका दीजिए, फिर नेताओं के बारे में प्रचलित अवधारणा को उलटते हुए ऐसा कार्य करूंगी कि आपलोग भी उसे जीवन भर याद रखेंगे।

उन्होंने कहा कि धौलाना किसान बहुल क्षेत्र है। यहां के किसानों की सभी समस्याओं से मैं अवगत हूँ। उन सभी समस्याओं को दूर करवाउंगी। खाद, बीज, बिजली, एलपीजी आदि के बढ़ते दामों को काबू में करूंगी। हमारी पार्टी ने जो किसान गारंटी दी है, उसे घर घर तक पहुँचाऊंगी। उन्होंने कहा कि किसानों के अलावा श्रमिकों, महिलाओं, युवाओं और सबकी हिस्सेदारी की जो गारंटी देने की योजना हमारी पार्टी बनाए हुए है, उसे ततपरता पूर्वक लागू करवाउंगी। जातीय जनगणना भी होगी। पिछड़ों, दलितों व अल्पसंख्यकों को न्याय भी मिलेगा। उन्होंने इस अपार स्नेह समर्थन और आशीर्वाद के लिए सबका बहुत-बहुत धन्यवाद और आभार प्रकट किया।

इंडिया गठबंधन की कांग्रेस प्रत्याशी डॉली शर्मा ने धौलाना विधानसभा क्षेत्र का धुआंधार दौरा किया

गाजियाबाद। शुक्रवार को इंडिया गठबंधन की कांग्रेस प्रत्याशी डॉली शर्मा ने धौलाना विधानसभा क्षेत्र का धुआंधार दौरा किया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न गांवों यथा-खिचरा, नगला गांव, देहरा गांव, नारायणपुर, सपनावत, बझेड़ा गांव, इकलौड़ी, पष्पा, सामना, लालपुर, सौलाना, इकला और डासना आदि का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस की गारंटी कार्ड के बारे में लोगों को बताया और खुद के समक्ष भरवाया।

किसान न्याय की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी जब सत्ता में आएगी तो किसानों के कर्ज माफ होंगे। एमएसपी की गारंटी मिलेगी और खेती से जुड़े फसल उत्पादों पर से जीएसटी हटाई जाएगी। वहीं श्रमिक न्याय की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि मनरेगा में भी न्यूनतम मजदूरी 400 रुपये प्रतिदिन की जाएगी। वहीं, युवा न्याय का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि हर शिक्षित युवा की पहली नौकरी पक्की होगी और 1 लाख रुपये का वेतन उन्हें दिया जाएगा।

वहीं, नारी न्याय की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि हर गरीब परिवार की महिला को प्रतिवर्ष 1 लाख रुपये दिए जाएंगे। वहीं, हिस्सेदारी न्याय की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि सामाजिक व आर्थिक समानता के लिए हर वर्ग और हर व्यक्ति की गिनती की जाएगी। कहीं कहीं पर उन्होंने भाजपा प्रत्याशी अतुल गर्ग की कोरोना कालीन कमियों की ओर इशारा किया और योगी-मोदी सरकार के जुमलों की भी खिल्ली उड़ाईं।

इसी क्रम में डासना में उन्होंने एक रोड शो भी किया। जो डासना में नाले के पुल से शुरू होकर मीठा कुआ, पुरानी पैठ, दुधिया पीपल, कुरेशीयान से होकर एनएच 24 इन्डेन गैस एजेन्सी के कट से होते हुए मसूरी में आयशा पब्लिक स्कूल वाले रास्ते से सलामतुल्ला गेट और वहां से मसूरी-गुलावठी रोड तक गई। रोड शो में ढोल नगाड़े भी बज रहे थे। कार्यकताओं के लगभग दर्जनाधिक वाहनों के काफिले के साथ सैंकडों लोग पैदल चल रहे थे।

इस मौके पर समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष फैजल हुसैन व पूर्व विधायक असलम चौधरी, सोशल आउटरीच के धौलाना अध्यक्ष व धौलाना विधानसभा कार्यालय प्रभारी कुलदीप उर्फ दीपक आत्रे, पिलखुवा कार्यालय प्रभारी संजय शर्मा गुड्डू, किसान मोर्चा के राष्ट्रीय संयोजक अमित शर्मा, अश्विनी कौशिक, वहीद मेम्बर आदि मौजूद रहे।

कांग्रेस, सपा और बसपा देश की समस्या तो बीजेपी है समाधान: सीएम योगी

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुलंदशहर लोकसभा क्षेत्र में जनसभा को किया संबोधित

हिन्द आत्मा संवाददाता

बुलंदशहर। भारतीय जनता पार्टी ने देश की अस्मिता को बचाने के लिए कई नारे दिये, जिसका कांग्रेस मजाक उड़ाया करती थी। वहीं सपा और बसपा उनका सपोर्ट करती थी। कांग्रेस, बसपा और सपा देश की तमाम समस्याओं की जड़ है, जबकि भारतीय जनता पार्टी इन समस्याओं का समाधान है। कांग्रेस ने देश को धारा 370 दिया, जबकि बीजेपी ने इसे समाप्त करके आतंकवाद की ताबूत पर अंतिम कील ठोकने का काम किया है। अब यहां विस्टोफ और आतंकवादी गतिविधियां नहीं होती हैं क्योंकि वह जानते हैं कि उनके साथ उनके आका को भी ठीक कर दिया जाएगा। ऐसे में इस बार आस्था और सुरक्षा से खिलवाड़ करने वालों, विकास से वंचित रखने वालों, युवा पीढ़ी और अन्नदाता किसानों के साथ अन्याय करने वालों और बेटी- व्यापारी को डराने वालों को एक-एक वोट के लिए तरसा दीजिये। उन्हे बोल दीजिये कि जो देश, विकसित भारत और आत्मनिर्भर भारत के बारे में सोचेगा उसी को वोट करेंगे। ये बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को बुलंदशहर के शिकारपुर में लोकसभा क्षेत्र में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए कहीं। इस दौरान उन्होंने लोकसभा प्रत्याशी डॉ. भोला सिंह के पक्ष में वोट की अपील की।

कांग्रेस, सपा और बसपा ने दंगाइयों को बचाने के लिए दबा दी थी फाइल, हमने सजा दिलायी

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र भारत में आज लोकसभा-2024 के चुनाव के प्रथम चरण का मतदान हो रहा है, जिसके परिणामों को लेकर हम निश्चिंत हैं। इस भाव के साथ पूरा देश एक बार फिर से मोदी सरकार बनाने के लिए संकल्पित दिखायी दे रहा है। इसी के तहत दूसरे चरण के मतदान के लिए हम सभी से आवाह्न करने आये हैं। सीएम योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश को एक नई पहचान, दुनिया में सम्मान और आतंकवाद की समस्या से निजात दिलायी है। ऐसे में हमारा भी दायित्व है कि देश में तीसरी बार भी मोदी सरकार बनानी है। देश में वर्ल्ड क्लास इंफ्रास्ट्रक्चर और हाईवे-एक्सप्रेस-वे का निर्माण हो रहा है। वहीं बुलंदशहर भी गंगा एक्सप्रेसवे के साथ जुड़ रहा है। इससे प्रयागराज की दूरी मात्र 6 घंटे में तय की जा सकेगी। ऐसे में बुलंदशहर वासी अगले वर्ष महाकुंभ में स्नान के लिए सुबह जाएंगे और शाम को वापस लौट आएंगे। बुलंदशहर को अपना मेडिकल कॉलेज, वर्ल्ड क्लास यूनिवर्सिटी, आईआईटी, आईआईएम और एम्स मिलने जा रहे हैं। वहीं बगल में जेवर में इंटरनेशनल एयरपोर्ट और फिल्म सिटी बना रहे हैं। इससे यहां के युवाओं को फिल्मों में काम करने के लिए मुंबई नहीं जाना पड़ेगा। मोदी सरकार देश की सुरक्षा, कल्याण और विकास के लिए काम कर रही है जबकि सपा और बसपा दंगा करवाते हैं। वर्ष 1980 में दंगा करने वाले दंगाई को बचाने के लिए कांग्रेस, सपा और बसपा ने फाइल दबा दी। वहीं बीजेपी सरकार ने दोबारा फाइल निकाली और दोषियों को सजा दिलायी।

कांग्रेस, सपा और बसपा ने हमें भगवान राम से दूर रखने का किया है पाप

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि रामनवमी के अवसर पर भगवान राम का सूर्य तिलक हुआ, जिसे पूरी दुनिया ने देखा। वहीं कांग्रेस, सपा और बसपा ने हमे इससे वंचित रखने का पाप किया। इतना ही नहीं ये सभी भगवान राम के होने का प्रमाण मांगते रहे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अयोध्या में रामलला का दिव्य, भव्य और नव्य मंदिर बनाया तो ये सभी कहने के लिए मजबूर हो गये कि राम सबके हैं। यह आपके एक वोट की ताकत से संभव हो पाया है, जिन्होंने इनके स्वर ही बदल दिये हैं। आज पूरा देश एक बार फिर से मोदी सरकार पर सहमत है क्योंकि समस्याओं का समाधान करना ही मोदी सरकार का दायित्व है। ऐसे में आपको अपने एक-एक वोट की कीमत को समझते हुए सही दिशा में वोट करना है। इस अवसर पर बीजेपी बुलंदशहर के जिलाध्यक्ष विकास चौहान, क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेंद्र सिसोदिया, लोकसभा प्रत्याशी डॉ. भोला सिंह, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष मानसिंह गोस्वामी, जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. अंतुल तेवतिया आदि उपस्थित रहे।

आईटीएस डेन्टल कॉलेज में दूसरे एडवांस फेशियल एस्थेटिक्स कोर्स के पांचवें मॉड्यूल का आयोजन

हिन्द आत्मा संवाददाता

गाजियाबाद। आईटीएस डेन्टल कॉलेज गाजियाबाद के पेरियोडोन्टोलॉजी विभाग द्वारा 17 एवं 18 को दूसरे एडवांस फेशियल एस्थेटिक्स कोर्स के पांचवें मॉड्यूल का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में 35 प्रतिभागियों ने भाग लिया, जिनमें निजी दंत चिकित्सक, कॉलेज के पूर्व छात्र, संस्थान के दंत चिकित्सक, एमडीएस के विद्यार्थी और कॉलेज के अध्यापक शामिल रहे। यह कोर्स सेंटर फॉर फेशियल एस्थेटिक्स ट्रेनिंग (सीएफएटी) और नोवगोरोड विश्वविद्यालय रूस के सहयोग से आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम आईटीएस-द एजुकेशन ग्रुप के वाईस चेयरमैन अर्पित चड्ढा के सहयोग से आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य मरीजों के बीच चेहरे के सौन्दर्य चिकित्सा के बारे में जागरूकता बढ़ाना तथा चेहरे के सौन्दर्य में वृद्धि की मांग करने वाले रोगियों की प्राथमिक वैकल्पिक लक्ष्य एवं रोगी को समग्र उपचार प्रदान करना रहा। इस पाठ्यक्रम के गेस्ट स्पीकर डॉ. शौर्य शर्मा रहे, जो एक फेशियल ऐस्थेटिक्स चिकित्सक के साथ अन्तर्राष्ट्रीय वक्ता भी हैं। उन्होंने फेशियल एस्थेटिक्स पर अनेकों कार्यशालाएं की है। वह एक ट्रेनर और सेंटर फॉर फेशियल एस्थेटिक्स ट्रेनिंग (सीएफएटी) के अध्यक्ष भी है। कार्यक्रम के दौरान डॉ शौर्य ने कॉस्मेटिक डेन्टिस्ट्री के अन्तर्गत चेहरे की सुंदरता को ज्यादा बढ़ाने के लिए विभिन्न विकल्पों के बारे में सभी प्रतिभागियों को बताया। इस कार्यक्रम में डॉ अरुण श्रीनिवासन, डॉ मेल्विन जॉनसन और उनकी टीम ने डॉ शौर्य के सहयोगी के रूप में अपनी-अपनी भूमिका निभायी। इस पाठ्यक्रम का उद्देश्य प्रतिभागियों को कैमिकल पील्स, बोटॉक्स, लेजर द्वारा बालों को कम करना, डर्मल फिलर्स और अन्य फेशियल एस्थेटिक्स उपचार को सफलतापूर्वक एकीकृत करने के लिये तैयार करना है। कार्यक्रम के पहले दिन प्रतिभागियों को बालों की कमी और त्वचा के कायाकल्प में प्लेटलेट प्रक्रिया की भूमिका के बारे में बताया गया।

इसमें बोटॉक्स और सीरम का उपयोग करके मेसोथेरेपी की भूमिका और त्वचा को चमकदार बनाने वाली मूल बातें और उनको फेशियल एस्थेटिक्स के कायाकल्प में अनुप्रयोगों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दूसरे दिन फेशियल एस्थेटिक्स उपचार के क्षेत्र में उपयोग किये जाने वाले विभिन्न प्रकार के माइक्रो-डर्मा एब्रेजन, फोटो-फेशियल, ओजोन थेरेपी और लेजर थेरेपी की आवश्यकता और उनके प्रक्रियाओं के बारे में जानकारी दी गई। पोस्ट केयर रेजीमेन और होम केयर प्रोडक्ट पर चर्चा की गयी। डॉ शौर्य एवं उनकी टीम ने रोगियो पर प्लेटलेट कंसंट्रेट एवं माइक्रो-डर्मा एब्रेजन का लाइव प्रदर्शन किया। प्रतिभागियों ने मरीजों पर इन नवीनतम उपचारों का हैंड्स-ऑन किया। डॉ शौर्य ने एमडीएस के विद्यार्थियों और अन्य दंत चिकित्सकों के लिये इस तरह के ज्ञानवर्धक मंच के आयोजन के लिये संस्थान का आभार प्रकट किया। इस कार्यक्रम के माध्यम से सभी प्रतिभागियों को सर्वश्रेष्ठ फेशियल एस्थेटिक्स उपचार के बारे में ज्ञान प्राप्त हुआ जिसके लिये सभी ने आईटीएस-द एजुकेशन ग्रुप के चेयरमैन डॉ. आर.पी. चड्ढा तथा वाईस चेयरमैन अर्पित चड्ढा को धन्यवाद दिया।

हम स्थानीय और राष्ट्रीय मुद्दों को लेकर चुनाव में उतरे हैं: नमह

हिन्द आत्मा संवाददाता

गाजियाबाद। लोकसभा चुनाव में अपने पक्ष में मतदान के लिए मतदाताओं को घर-घर जाकर रिझाने का कार्य प्रत्याशियों ने शुरू कर दिया है। इसी कड़ी में समाज विकास क्रांति पार्टी के लोकसभा प्रत्याशी नमह ने महागुनपुरम सोसायटी में जनसंपर्क किया। इस दौरान नमह ने मतदाताओं को बताया कि बड़ी पार्टियों के प्रत्याशी मुद्दों पर चुनाव नहीं लड़ रहे हैं। जबकि वह स्थानीय और राष्ट्रीय मुद्दों को लेकर चुनाव में उतरे हैं।

समाज विकास क्रांति पार्टी के लोकसभा प्रत्याशी नमह ने किसी का नाम लिए बिना कहा कि देश और विश्व की सबसे बड़ी पार्टी पूरे देश में केवल एक व्यक्ति के चेहरे पर चुनाव लड़ रही है। जबकि सांसद को स्थानीय लोगों से सरोकार रखना चाहिए और उनकी समस्याओं के बारे में सजग रहना चाहिए। विडंबना यह है कि इस पार्टी के प्रत्याशी केवल अपने नेता के चेहरे पर ही वोट मांग रहे हैं। स्थानीय मुद्दों की बात करने पर वह बात को ही टाल देते हैं। दूसरा दल गठबंधन में चुनाव लड़ रहा है और गठनंबन ने संयुक्त प्रत्याशी को चुनावी मैदान में उतारा है। उनके पास भी जनता के मुद्दों के समाधान के लिए समय नहीं है। जबकि तीसरी पार्टी के प्रत्याशी को तो पार्टी के कार्यकर्ता ही पूरी तरह से नहीं जानते हैं और वह गाजियाबाद के रहने वाले भी नहीं हैं। नमह ने कहा कि वह देश का नाम बदलने की मुहिम चला रहे हैं। इसके साथ ही जीतने के बाद वह अपने क्षेत्र के मतदाताओं के बीच रहेंगे और उनकी समस्याओं का समाधान करवाएंगे। नमह ने कहा कि वह शिक्षा, सुरक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता और रोजगार के लिए काम करेंगे। इसके साथ ही हाउसिंग सोसायटियों की आरडब्ल्यूए और बिल्डरों के बीच चल रहे गतिरोध को खत्म करने का काम करेंगे। जिले में विकास कार्य करवाने और अन्य कई कार्य करवाने का अधिकार सांसद को होता है। सांसद कई समितियों का पदेन अधयक्ष भी होता है। ऐसे में यह कहना कि यह कार्य मेरे अधिकार क्षेत्र में नहीं आता गलत है। यदि कोई ऐसा कार्य है जो सांसद के अधिकार क्षेत्र में नहीं आता तो उस कार्य को करवाने वाले को निर्देश देना तो सांसद के अधिकार क्षेत्र में आता है। नमह ने कहा कि गाजियाबाद में विकास कार्यों की बहुत संभावनाएं हैं और जिले के जो जनप्रतिनिधि मिले उन्होंने अपने कार्यों को सही प्रकार से अंजाम नहीं दिया, जिसके कारण बहुत सारी समस्याएं जस की तस बनी हुई हैं। वह सांसद बनने के बाद सभी समस्याओं का समाधान करवाएंगे। सोसायटी के निवासियों ने नमह के समर्थन देने का वादा किया।

केडीबी पब्लिक स्कूल में राष्ट्रीय योगासन चैंपियनशिप का हुआ समापन

कतर सहित 70 स्कूलों के 480 प्रतियोगियों ने किया योगासन प्रदर्शन

हिन्द आत्मा संवाददाता

गाजियाबाद। 19 नवंबर को कवि नगर स्थित केडीबी पब्लिक स्कूल में कल रविवार को राष्ट्रीय योग चैंपियनशिप का समापन समारोह आयोजित किया गया। गाजियाबाद में पहली बार आयोजित इस चैंपियनशिप की मेजबानी कर विद्यालय ने फिटनेस प्रतिस्पर्धा की मजबूत संस्कृति का निर्माण कर योग को वैश्विक मंच पर स्थापित करने की प्रक्रिया में अपना सहयोग दिया है। 17 नवंबर को राष्ट्रीय योग चैंपियनशिप के विधिवत उद्घाटन के बाद देश-विदेश से कतर सहित 70 स्कूलों से आए 480 प्रतियोगियों ने अपने अद्भुत योगासन प्रदर्शन से सभी को चमत्कृत कर दिया। योग विशेषज्ञ डॉक्टर तारकनाथ प्रमाणिक, नीर क्षीर विवेकी, डॉ गौरव राय व 40 कुशल प्रशिक्षकों के नेतृत्व में यह प्रतियोगिता अपने प्रथम द्वितीय सोपान को पार कर अग्रिम चरण की ओर आगे बढ़ी है। सभी विद्यालय से आए प्रतिभागियों ने अनेक योगासनों का प्रदर्शन किया। अंडर 14 और अंडर-19 फाइनल प्रतियोगिता के लिए बालक और बालिका वर्ग के लिए 12-12 प्रतिभागियों ने क्वालीफाइ किया। अंडर 14 लड़कों की टीम में धनबाद पब्लिक स्कूल प्रथम, अंडर 14 लड़कियों में पीएस चिदंबर नादर इंग्लिश स्कूल प्रथम, अंडर-19 लड़कों की टीम में सेंट मेरी स्कूल हरियाणा प्रथम, अंडर-19 लड़कियों की टीम में माहेश्वरी गर्ल्स पब्लिक स्कूल प्रथम, अंडर 14 लड़कों की व्यक्तिगत टीम में कपारा श्री कृष्णा हल स्कूल तेलंगाना, अंडर 14 लड़कियों में धृति देवनाथ श्री कृष्णा मिशन स्कूल प्रथम, अंडर-19 व्यक्तिगत लड़कों में अर्नव सेंट मेरी स्कूल हिसार प्रथम, अंडर-19 लड़कियों व्यक्तिगत में सृष्टि ब्राइट स्कॉलर स्कूल प्रथम रहे। फाइनल परिणाम में सीबीएसई टेक्निकल इंचार्ज डॉ. तारकनाथ, प्रमाणिक सीबीएसई पर्यवेक्षक डॉ गौरव राय, अजय शास्त्री व बाहर से आए सभी पर्यवेक्षक, शिक्षक प्रशिक्षकों ने आयोजक की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह प्रतियोगिता सीबीएसई द्वारा निर्धारित सभी दिशा निर्देशन व नियमावली के तहत आयोजित की गई है।

सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि भवन संख्या- एन.के.-1/117ए, ई.डब्लू.एस. इन्दिरापुरम, का आवंटन श्रीमती त्रिवेणी वर्मा पत्नी श्री सतीश कुमार वर्मा के पक्ष में किया गया है, आवंटी द्वारा उक्त भवन की बाबत श्री राकेश त्यागी पुत्र श्री हरी सिंह त्यागी को दिनांक 28.12.2001 को पंजीकृत मुख्त्यारेआम नियुक्त किया गया है। अब मुख्त्यारेआम द्वारा मूल आवंटी के पक्ष में उक्त भवन की रजिस्ट्री कराये जाने हेतु प्राधिकरण में आवेदन किया गया है। इस सम्बन्ध में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि के 15 दिन के अन्दर अपनी आपत्ति कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें अन्यथा निर्धारित अवधि पश्चात प्राधिकरण द्वारा मुख्तारे आम के माध्यम से मूल आवंटी के पक्ष में नियमानुसार भवन की रजिस्ट्री निष्पादित करा दी जायेगी, तदोपरान्त कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

सहायक प्रभारी सम्पत्ति
गाजियाबाद विकास प्राधिकरण

कृष्णा इंस्टीट्यूट ऑफ लॉ में उद्यमिता पर वर्कशाप का हुआ आयोजन

हिन्द आत्मा संवाददाता

गाजियाबाद। कृष्णा इंस्टीट्यूट ऑफ लॉ जिन्दल नगर हापुड़ में उद्यमिता पर एक वर्कशाप का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का प्रारम्भ माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डा. योगेन्द्र कुमार एसोसिएट प्रोफेसर (आरएसएसपी कॉलिज पिलखुवा हापुड़) तथा डा. अंशु अग्रवाल हेड एण्ड असिसटेन्ट प्रोफेसर (डीजे कॉलिज बडौत) एवं डा. कविता अग्रवाल असिसटेन्ट प्रोफेसर (डीजे कॉलिज बडौत) उपस्थित रहे। इस वर्कशाप का उद्देश्य छात्र-छात्राओं को व्यवसाय और नवाचार के जगत में आवश्यक कौशल और ज्ञान प्रदान करना रहा। विशेषज्ञों द्वारा विचारों का विकास, व्यावसायिक मॉडल विकास, बाजार विश्लेषण तथा विपणन तकनीकी के सम्बन्ध, में विस्तारपूर्वक वर्णन किया गया। विधि छात्र-छात्राओं द्वारा विभिन्न प्रश्नों के माध्यम से जानकारी प्राप्त की गई। इस कार्यक्रम के प्रति छात्र-छात्राओं ने विशेष उत्साह दिखाया। कार्यक्रम में संस्थान के समस्त शिक्षकगणों का सराहनीय योगदान रहा।

न्यू एरा स्कूल के छात्र-छात्राओं द्वारा चलाया गया मतदान जागरूकता अभियान

हिन्द आत्मा संवाददाता

गाजियाबाद। मतदाता जागरूकता अभियान के तहत न्यू एरा स्कूल के विद्यार्थियों ने नुक्कड़ नाटक एवं रैली का आयोजन किया। इस रैली मे तीन सौ विद्यार्थियो ने भाग लिया। इसमें विद्यार्थियों ने सभी से मतदान करने का अनुरोध किया। इस अवसर पर स्कूल की प्रधानाचार्या किरण दिलवाल ने कहा कि हमें अपने मत का प्रयोग अवश्य करना चाहिए। मतदान करने से एक सफल और अच्छी सरकार बनती है। नुक्कड़ नाटक एवं रैली के माध्यम से विद्यार्थियों ने बताया कि जो युवा 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके हैं वह मतदान अवश्य करें एवं घर के प्रत्येक बुजुर्ग व्यक्ति को इस मतदान का हिस्सा अवश्य बनाएं। रैली की शुरूआत न्यू एरा स्कूल परिसर से प्रारंभ होकर शास्त्री नगर, कवि नगर एवं चिरंजीव विहार आदि स्थानों पर से गुजरी। विद्यालय के अध्यक्ष राजीव मलिक ने सभी विद्यार्थियों के उत्साह की सराहना करते हुए कहा कि मजबूत राष्ट्र निर्माण में हर एक व्यक्ति को अपनी भूमिका समझकर मतदान अवश्य करना चाहिए, तभी लोकतंत्र को सशक्त बनाया जा सकेगा। मतदान से पूर्व प्रत्येक दिन नुक्कड़ नाटक एवं रैली का आयोजन अलग-अलग स्थान पर किया जाएगा। न्यू एरा स्कूल की निर्देशिका ममता मलिक ने कहा कि देश हित सभी जाति धर्म से ऊपर है। अतः सभी को अपने मत का प्रयोग बिना किसी भेदभाव के करना चाहिए। हर व्यक्ति का एक-एक वोट अनमोल है। इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षकगण, कर्मचारी और विद्यार्थियों ने मतदान करने की शपथ ली। रैली और नुक्कड़ नाटक के अवसर पर शिक्षक गण एवं न्यू एरा विद्यालय के कर्मचारी उपस्थित रहे।

हैप्पी बर्थडे

प्रवीण शर्मा को जन्मदिन की
हार्दिक शुभकामनाएं

सार्वजनिक नोटिस

जनसाधारण को यह सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित आवेदक/आवेदकों ने नीचे सारणी के स्तम्भ-3 में उल्लिखित सम्पत्ति, जो प्राधिकरण की आवासीय/वाणिज्यिक/किराये की/नजूल इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट योजना के अन्तर्गत स्थित है, का अंतरण/नामांतरण अपने नाम कराने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है :-

क्र0 सं0	मूल आवंटी/ पट्टाधारक स्वामी का नाम	भूखण्ड/ भवन/फ्लैट संख्या	योजना का नाम	आवेदक का नाम (पिता का नाम सहित)	आवेदक का पता एवं दूरभाष संख्या	नामान्तरण का आधार	पट्टाधृत/पूर्ण स्वामित्व युक्त सम्पत्ति
1	2	3	4	5	6	7	8
1.	पट्टेदार श्री एस.आर. सैनी एवं क्रेतागण श्री कौशिक सैन पुत्र श्री पी.जी. सैन व श्री पी.जी. सैन पुत्र स्व. श्री टी.एन. सैन	भवन संख्या-18-सी, शिप्रा सनसिटी	इन्दिरापुरम	श्रीमती सास्वती सैन पत्नी स्व. श्री प्रोवाष जीवन सैन	निवासी-18-सी, रॉयल, शिप्रा सनसिटी, इन्दिरापुरम, गाजियाबाद मो.-9999031165	सह-क्रेता श्री पी.जी. सैन पुत्र स्व. श्री टी.एन. सैन की मृत्यु दिनांक 20.09.2010 को हो जाने के कारण	पट्टाधृत सम्पत्ति

यदि किसी व्यक्ति को उपरोक्त भूखण्ड/भवन/फ्लैट के अन्तरण/नामान्तरण के विरूद्ध कोई आपत्ति हो, तो वह अपनी आपत्तियां सहायक दस्तावेजों सहित इस नोटिस के प्रकाशित किये जाने के दिनांक से 30 दिन के भीतर सचिव, गाजियाबाद विकास प्राधिकरण को प्रस्तुत कर सकता/सकती है, अन्यथा स्तम्भ-5 में अंकित व्यक्ति के नाम से सम्पत्ति का अंतरण/नामांतरण प्राधिकरण के अभिलेखों में दर्ज कर दिया जाएगा और कोई पश्चातवर्ती दावा, यदि कोई हो, ग्रहण नहीं किया जायेगा।

सहा0 प्रभारी व्यवसायिक, गाजियाबाद विकास प्राधिकरण

विश्वास करेंगे एक बार, इस्तेमाल करेंगे बार बार ..!
सन्दौली गोल्ड
डिटर्जेन्ट पाउडर
Sandauli Gold Detergent Powder
125 g. 500 g. 1 Kg. में उपलब्ध
डीलर, एजेंसी, सेल्समैन हेतु सम्पर्क करें- 9415867528
SRI HARIVANSH ENTERPRISES
Corp. Of : Goel Tower Anura Kala, Chinhat Lucknow - 226028 (U.P.)
Production Unit : Sandauli Umarpur, Safedabad, Barabanki - 225003 (U.P.)
Customer Care No. : +91 9415867528